केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 13 अंक 266 | उज्जैन, शुक्रवार 10 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

दुनिया की अधिकांश समस्याओं के दो ही कारण रहते है । पहला बिना सोचे समझे कार्य करना, और , दूसरा बिना कार्य किए सिर्फ सोचते ही रहना।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभागों से कर संग्रहण की जानकारी प्राप्त की

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वित्त वर्ष का आखिरी माह विभिन्न करों के संग्रहण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विभागों ने बीते वर्ष से अधिक कर संग्रहण किया है। वित्त वर्ष के पूर्ण होने पर बेहतर उपलब्धि प्राप्त हो, इसके लिए इस माह प्रयासों को बढ़ाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज समत्व भवन के संकल्प कक्ष में राजस्व संग्रहण करने वाले विभागों के कार्य और लक्ष्य प्राप्ति प्रयासों की समीक्षा की। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा वर्चुअल शामिल हुए।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राज्य में वेट, जीएसटी सहित आबकारी, स्टाम्प पंजीयन, खनिज, परिवहन, ऊर्जा, वन, लोक सम्पत्ति प्रबंधन, राजस्व, जल-संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा करों के संग्रहण के लिए अब तक किए गए कार्य की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिन करों की अपेक्षित प्राप्ति में कमी हो, वे विभाग आवश्यकतानुसार अभियान संचालित कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करें। बताया गया कि करों के संग्रहण में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में है। प्रदेश में व्यापार उद्योग जगत और आमजन में करों के नियमित भुगतान करने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। करों से प्राप्त राशि का बड़ा हिस्सा जन-कल्याण में खर्च होता है।

## किसानों की बात करना बंद करो, नहीं तो परिवार सहित बम से उड़ा देंगे, नरेश टिकैत को मिली धमकी



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) अध्यक्ष नरेश टिकैत के परिवार को मोबाइल फोन पर धमकी दिए जाने का मामला पुलिस ने दर्ज किया गया है। धमकी भरा फोन आने के बाद भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिख कर भाकियू अध्यक्ष व परिवार की सुरक्षा की मांग की है।उन्होने कहा कि नरेश टिकैत वर्षो से किसानो व मजदूरों के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। आंदोलन के समय पर भी भाकियू पदाधिकारियों को धमकी भरे फोन कॉल आते थे। उन्होने कहा कि आठ मार्च को गौरव टिकैत के मोबाइल फोन पर एक काल आई, जिसमें कहा गया कि आपने दिल्ली में आन्दोलन किया था। आपने यह ठीक नहीं किया। आप लोग किसानों की बात करना बंद करो और पीछे हट जाओ। वरना पीछे, नहीं हटे तो आपके पूरे टिकैत परिवार को बम से उडा दिया जाएगा। श्री टिकैत ने कहा कि इस सिलसिले में जिले के भोपा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। भाकियू अध्यक्ष के बेटे गौरव टिकैत ने बताया कि कई बार कॉल की गई है। पहले परिवार ने इसे किसी की शरारत समझा, लेकिन बार-बार कॉल आने की वजह से पुलिस को सूचित किया। राकेश टिकैत ने मांग की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत पूरा परिवार किसानो व सामाजिकता की लड़ाई लड़ता रहता है और पूरे देश में यात्रा भी करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### केजरीवाल कैबिनेट का विस्तार; सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने ली मंत्री पद की शपथ, मिले ये विभाग

**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली में गुरुवार को क विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने अरविंद केजरीवाल कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने दिल्ली के एलजी हाउस में मंत्री पद का शपथ ग्रहण किया। आतिशी को शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, बिजली, पर्यटन विभाग मिला है। वहीं सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, यूडी, पानी, उद्योग विभाग का जिम्मा दिया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार के दूसरे मंत्री भी मौजूद रहे।गौरतलब है कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार होने के बाद मनीष सिसोदिया ने उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ दूसरे मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। उनके साथ सत्येंद्र जैन ने भी स्वास्थ्य मंत्री के पद से अपना इस्तीफा दे दिया था। दोनों के इस्तीफे को सीएम केजरीवाल ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद दिल्ली सरकार की तरफ से आप के विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी के नाम को नए मंत्री पद के लिए भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई थी।

### म.प्र.में महिलाओं को सात दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश, सीएम शिवराज ने किया ऐलान



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश में शासकीय सेवा में कार्यरत महिलाओं को सात दिन का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने तय किया है कि शासकीय सेवा में कार्यरत महिलाओं को अतिरिक्त रूप से 7 दिनों का आकस्मिक अवकाश और दिया जाएगा, ताकि आवश्यकता करने पर वे इसका उपयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने ये भी तय किया है कि कक्षा 10वीं के बाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और कॉलेज में लड़कियों के लिए वित्तीय साक्षरता हेतु पाठ पढ़ाया जाएगा। बालिकाओं को स्किल ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी जिसमें हैंडलूम, कढ़ाई और परंपरागत लोक कलाओं की ट्रेनिंग भी शामिल होंगी। इस के साथ ही उन्होंने कहा कि राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में महिला बाल विकास कार्यालय में सुपर वाइजर के पद पर पदस्थ संतोष चौहान महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वे दोनों हाथ न होने के बावजूद आंगनबाड़ियों के दो सेक्टर और 128 केंद्रों में कागजी काम स्वयं करती हैं। उन्होंने इसके लिए संतोष चौहान को शुभकामनाएं दीं।

### आईएनएस विक्रांत पर ऑस्ट्रेलियाई एलसीए के कॉकपिट में भी बैठे, कहा- सम्मानित महसूस कर रहा हूं

**नई दिल्ली/जीएनएस।**ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस गुरुवार को स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए और मुंबई में भारतीय नौसेना द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। अल्बनीस तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं और अब तक गुजरात के मोटेरा में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन को देखने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी में शामिल हुए हैं। अल्बनीज ने एक ट्वीट में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई पीएम भारत पहुंचे और उन्होंने अहमदाबाद में साबरमती आश्रम का दौरा किया। ÷अहमदाबाद, भारत में एक अविश्वसनीय स्वागत है।

## सीनियर न्यूरोसर्जन प्रोफेसर डा. राजेश आचार्य ने अपनी 150वीं हॉफ मैराथन के साथ मनाई होली



**नई दिल्ली/जीएनएस।** प्रोफेसर डा. राजेश आचार्य दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन हैं। होली के पावन अवसर पर डा. राजेश ने नेहरू पार्क में 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) दौड़ लगाई और 150वीं हाफ मैराथन को समर्पित किया। होली को मनाने के लिए डा. राजेश आचार्य और उनका परिवार और दोस्त नेहरू पार्क में इकट्ठे हुए और गुलाल और मिठाइयों के साथ रंगों का त्योहार मनाया।

बता दें कि 53 साल की उम्र में दौडना शुरू करने वाले डॉ. आचार्य ने शुरुआत में साल में एक बार दिल्ली में एयरटेल द्वारा आयोजित हॉफ मैराथन में हिस्सा लिया, जिसके बाद उन्होंने अपने धावक मित्रों से प्रेरित होकर पहली मार्च को अपनी 50वीं हाफ मैराथन पूरी की। इसके बाद 100वीं हाफ मैराथन 23 जनवरी, 2022 को हुई, जिसके बाद कोविड लॉकाउडन के कारण मैराथन को आयोजित नहीं किया जा सका। फिट रहने की प्रेरणा डा. आचार्य ने अपने पिता प्रो. एसएस आचार्य, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी जी और स्कोर रनिंग पार्टनर्स (डॉ. एसएन सेठी, डॉ. कौरा, डॉ. सीता राम, डॉ. भाटिया, डॉ. विनीत, डॉ. गौरव, श्री चिकारा और प्रो ओ पी शर्मा) से ली है।

डा. आचार्य का मानना है कि उम्र सिर्फ एक संख्या मात्र है। यदि कोई अपने मन में ठान ले तो असंभव कुछ नहीं। दृढ़शक्ति हो तो कोई भी 50 या 60 वर्ष की उम्र के बाद भी सफलतापूर्वक दौड़ सकता है। इसके लिए हमें खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने शरीर की सुननी चाहिए, तभी हम एक सेहतमंद जीवन जी सकते हैं। डा. आचार्य का मानना है यदि आपके पास इच्छा है, तो यह बहुत आसान है, यदि आपके पास बहाने हैं,

## गोवंश आयोग की स्थापना, किसानों को 6 हजार सालाना, महिलाओं के लिए विशेष घोषणाएं, शिंदे सरकार के बजट से जुड़ी 20 बड़ी बातें जानें

**नईदिल्ली।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्रालय संभालने वाले देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार का वर्ष 2023-24 का पहला बजट पेश किया। फडणवीस ने दोपहर 2 बजे राज्य विधानमंडल के निचले सदन में बजटीय आवंटन पढ़ना शुरू किया। उन्होंने पारंपरिक पेपर दस्तावेज़ के बजाय आईपैड से बजटीय प्रावधानों को पढ़ा। यह पहली बार है कि फडणवीस ने राज्य का बजट पेश किया है। 2014-19 के बीच मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस के कार्यकाल के दौरान, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुधीर मुनगंटीवार वित्त मंत्री थे। शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार जून 2022 में बनी थी, जिसमें शिवसेना और भाजपा का उनका गुट साझा सत्ता में है। बजट प्रस्तुति के दौरान फडणवीस ने कहा कि किसानों के लिए परिव्यय में 6,900 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है और महात्मा गांधी के कवरेज में वृद्धि की गई है।




## राम चंद्र पौडेल चुने गए नेपाल के नए राष्ट्रपति, सुभाष चंद्र नेमबांग को हराया

**काठमाडू/जीएनएस।** नेपाली कांग्रेस के राम चंद्र पौडेल गुरुवार को नेपाल का नया राष्ट्रपति चुनो गया। उन्होंने सुभाष चंद्र नेमबांग को हराया। पोडेल, नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (माओवादी सेंटर) सहित आठ दलों के गठबंधन के एक आम उम्मीदवार को संसद के 214 सांसदों और 352 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों का वोट मिला। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख शेर बहादुर देउबा ने ट्वीट किया, मेरे दोस्त राम चंद्र पौडेलजी को राष्ट्रपति चुने जाने पर हार्दिक बधाई।

राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें संसद के 332 सदस्य और सात प्रांतों की प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य शामिल हैं। चुनाव आयोग के प्रवक्ता शालिग्राम ने कहा कि 518 प्रांतीय विधानसभा सदस्यों और संघीय संसद के 313 सदस्यों ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया। नेपाल में 2008 में गणतंत्र बनने के बाद से यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव है।

## दिल्ली शराब घोटाले में ED का बड़ा एक्शन, तिहाड़ में पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली/जीएनएस।**दिल्ली शराब घोटाला में अब प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पहले सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की मुश्किलें बढ़ाई और अब ईडी की तरफ से भी बड़ी कार्रवाई सामने आई। तिहाड़ में मनीष सिसोदिया से पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। सोदिया से कल आठ घंटे तक पूछताछ हुई थी। कल राउज एवेन्यू कोर्ट में मनीष सिसोदिया ने बेल पेटीशन लगाई थी। लेकिन अब वो संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि ईडी ने उन्हें दोबारा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें प्रोटेक्शन वारंट लेना होगा। जिसके बाद ईडी तिहाड़ जेल से मनीष सिसोदिया को अपनी कस्टडी में ले लेंगे। फिर उनसे पूछताछ की जाएगी। जब तक कोर्ट की तरफ से अनुमति रहेगी, तब तक उनसे पूछताछ की जा सकती है।

मनीष सिसोदिया को बेल लेना जितना आसान लग रहा था। ईडी की कार्रवाई के बाद ये सब इतना आसान नहीं रह जाएगा। मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर कल यानी 10 मार्च को सुनवाई होनी थी। वो 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में थे। ईडी ने उनसे लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कई ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब ईडी जानना चाह रही है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के सूत्र पहले से ही मनीष सिसोदिया को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बारे में पहले से ही इशारा कर रहे थे। आप की तरफ से कहा जा रहा था कि दो राउंड के सवाल-जवाब के बाद ईडी मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर सकती है।

# आंगनवाडी कार्यकर्ता/आंगनवाड़ी सहायिका रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2023 संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास सभाग इन्दौर के पत्र दिनांक 227/22 फरवरी 2023 के अनुसार आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका के पूर्णतः अस्थाई मानसेवी एवं मानदेय आधारित रिक्त पदो के पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के परियोजना में वर्तमान में रिक्त एवं आगामी 6 माह में रिक्त होने वाले पदो के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

एकीकृत बाल विकास परियोजना मेघनगर में आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थायी (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम/शहरी क्षेत्र में वार्ड की निवासी होना चाहिए। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः आवेदन पत्र मय आवश्यक सह पत्रो सहित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय मेघनगर में दिनांक 20 मार्च 2023 तक कार्यालयीन दिवस में दोपहर 12:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में जमा कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते है।

म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र./एफ/3-2/06/ 50-2/ भोपाल, दिनांक 10/07/2007 एवं पत्र क्र.1/एफ/3-2/06/50-2/भोपाल, दिनांक 23/07/2009 में संशोधित चयन प्रक्रिया एवं निर्देशों के तहत चयन प्रक्रिया के तहत की जायेगी।

आंगनवाडी केन्द्रों में आंगनवाडी के रिक्त पदो की जानकारी निम्नानुसार है- कार्यकर्ता पद के लिये आंगनवाडी केन्द्र वडलीपाडा, राजपुरा, देदला रिंगन्या फलिया, पिपलखुंटा डामोर फलिया, चरेल नाल फलिया, रम्भापुर नाई टोडी में आवेदिका को न्यूनतम 12 वी उत्तीर्ण होने पर प्राथमिकता दी जायेगी। उच्च योग्यता स्नातक को अतिरिक्त अंको की पात्रता होगी एवं सहायिका पद के लिये न्यूनतम 5 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है आंगनवाडी केन्द्र चेनपुरा सरपंच फलिया, ढेबर खास, ढेबर पिपला, चौखवाडा भगत फलिया, जामनिया-1, नौगांवा मावी फलिया, बडा गुडा आमली फलिया, अगराल संजय कॉलोनी।

उक्त पदों पर शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार ही नियुक्ति प्रक्रिया अपनायी जायेगी। उक्त पद हेतु कैलेण्डर वर्ष 1 जनवरी 2023 की स्थिती में आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होना चाहिए।

## नेहरू युवा केन्द्र झाबुआ एवं अलिराजपुर के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में बढोत्तरी

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र झाबुआ एवं अलिराजपुर में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 09 मार्च 2023 से बढ़ा कर 24 मार्च 2023 कर दी गई है। नेहरू युवा केन्द्र में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पद पर आवेदन हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास होना चाहिए साथ ही आवेदक दिनांक 01 अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष के बीच का होना चाहिए। नियमित छात्र राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के लिए आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं। अधिकतम दो वर्षो के लिए कुल मिलाकर रु. 5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक को विधिक रूप से सरमार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकार होगा। आवेदन करने हेतु नेहरू युवा केन्द्र संगठन की वेबसाइट nyks.nic.in पर National Youth Corps(NYV) विकल्प चयन कर Apply for NYV Selection पर क्लिक करके आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिये मोबाईल नंबर 8982219431 पर संपर्क करे।

कमलनाथ की घोषणा महिलाओं को सशक्त बनाने का सराहनीय कदम

## परिवार की प्रत्येक महिला को ?18000 प्रति वर्ष व रसोई गैस? 500 रुपए में मिलेगी

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं को ?18000 प्रतिवर्ष एवं रसोई गैस सिलेंडर ?500 मे देने की घोषणा को प्रदेश भर में सराहा जा रहा है। कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने मध्य प्रदेश मैं कांग्रेस सरकार बनते ही प्रदेश कि हर महिला को 18000 हर साल आर्थिक सहायता देने एवं रसोई गैस की कीमत ?500 करने की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की घोषणा का स्वागत करते हुए इस योजना को महंगाई नियंत्रित करने एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर निरूपित किया है उन्होंने जारी प्रतिक्रिया में कहा कि पीसीसी चीफ एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ स्पष्ट घोषणा की है कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए विश्व की सबसे बड़ी योजना शुरू की जाएगी इस योजना के तहत हर महिला के खाते में प्रतिवर्ष 18000 की राशि आएगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है वर्ष 2018 में कर्ज माफी व गौशाला निर्माण की घोषणा भूमि करते हुए 27 लाख किसानों का कर्जा माफ हुआ प्रत्येक जिलों में गौशाला का निर्माण हुआ कमलनाथ की योजना शिवराज सरकार की कथित लाडली बहना योजना से डेढ़ गुना अधिक आर्थिक राशि महिलाओं को प्रदान करने की योजना है शिवराज सिंह की योजना में अधिकांश महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित करने का षड्यंत्र किया गया है शिवराज सरकार की कथित लाडली बहना योजना एक दिखावटी एवं महिलाओं को गुमराह करने वाली योजना है इसके मुकाबले में कांग्रेस सरकार सच्ची और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना लेकर आएगी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा की कमलनाथ जो योजना शुरू करने वाले हैं उसका आकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि से 3 गुना अधिक बड़ी है किसान सम्मान निधि में कृषक परिवार को महज 6000 साल मिलते हैं जबकि कांग्रेस की महिला सशक्तिकरण योजना में परिवार की महिलाओं को 18000 रुपए प्रति वर्ष प्राप्त होंगे।

## अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के क्रियान्वयन एवं मिलेट केलेंडर में उल्लेखित गतिविधियों के आयोजन

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संचालक, मध्यप्रदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय भोपाल 30 जनवरी के द्वारा अन्तर्राष्टीय मिलेट वर्ष 2023 के क्रियान्वयन एवं मिलेट केलेंडर के अनुसार गतिविधियों के आयोजन किया जाना है।

संयुक्त राष्ट द्वारा वर्ष 2023 अंतर्राष्टीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। जिसके हेतु जिले में अन्य विभागों के सहयोग से वर्ष 2023 के प्रतिमाह में विभिन्न स्तरों-राज्य स्तर, जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत एवं ग्रामसभा स्तर पर मिलेट आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। मार्च माह में अंतर्राष्टीय मिलेट वर्ष 2023 अन्तर्गत प्रस्तावित गतिविधियों जो लिया जाना जिसमें जिला स्तरीय - संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन। आंगनवाडी के माध्यम से मिलेट को आहार में सम्मिलित करने हेतु जागरूकता पैदा करना। विकासखण्ड स्तरीय- विशेषज्ञों द्वारा कोदो- कुटली के लाभ संबंधी आर्टिकल का प्रकाशन। आंगनवाडी के माध्यम से मिलेट को आहार में सम्मिलित करने हेतु महिलाओं में जागरूकता पैदा करना। ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा स्तर- मिलेट जागरूकता हेतु सभा/चौपाल का आयोजन। आंगनवाडी के माध्यम से मिलेट को आहार में सम्मिलित करने हेतु महिलाओं में जागरूकता पैदा करना।

संयुक्त राष्ट महासभा ने मार्च 2021 में अपने 75वें सत्र में 2023 को अंतर्राष्टीय बाजरा वर्ष (IYM 2023) घोषित किया। एफएओ अन्य प्रासंगिक हितधारकों के सहयोग से वर्ष मनाने के लिए प्रमुख एजेंसी है। बाजरा कम से कम निवेश के साथ शुष्क भूमि पर बढ़ सकता है और जलवायु में परिवर्तन के लिए लचीला होता है। इसलिए वे देशों के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ाने और आयातित अनाज अनाज पर निर्भरता कम करने के लिए एक आदर्श समाधान हैं।

## शहर की कॉलोनियों के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के लिये पालिका प्रयास करेगी - न.पा. अध्यक्ष टोंग्या

### होली मिलन समारोह सम्पन्न

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की कॉलोनियों के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के लिये नगरपालिका प्रयास कर रही है । पालिका में जिन कॉलोनियों का अधिग्रहण नहीं हुआ है तथा उनके विकास शुल्क के लिये पालिका कालोनाईजर की मीटिंग लेकर निर्णय लेगी ताकि रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं होना पड़े।



उक्त विचार न.पा. अध्यक्ष अभय टोंग्या ने स्थानीय आदिनाथ परिसर में आदिनाथ रहवासी संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किये। अध्यक्षता आदिनाथ रहवासी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय शर्मा ने की। इस अवसर पर रहवासी संघ द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष टोंग्या एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा का परिसर में प्रथम आगमन पर अभिनंदन किया। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को शाल एवं श्रीफल श्री उदय अग्निहोत्री, कमल शाह, श्रीमती रमा पांचाल, सुमित्रा राठौर एवं श्रीमती अग्निहोत्री ने भेंट किये। समारोह में विशेष अतिथि के रुप में प्रो. रामेश्वर कोट, सुशील गोधा, प्रो. हरगोविन्द मेलवाणी, प्रो. प्रेमचंद द्वितीय, पूर्व पार्षद सतीश वर्मा उपस्थित थे।

प्रारम्भ में रहवासी संघ की ओर से विजय मेहता ने परिसर की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। नगरपालिका उपाध्यक्ष अनिता वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह के संचालक अनिल पांचाल ने होलियाना मिजाज में होली मिलन समारोह में शुभकामनाएं देते हुए परिसर की समस्याओं की रोचक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रहवासी संघ के युवा कार्यकर्ता अतुल विक्की राठौड़, निशित शाह, स्यम जैन, सिद्धार्थ पांचाल, पुष्पराज सक्तावत, मिहिर त्रिवेदी ने होली मिलन कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। परिसर के वरिष्ठजन साजन दास संगताणी, राजेश शाह, नंदलाल कल्याणी, शाम राठौर, पुखराज राज आदि ने अतिथियों का एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय शर्मा का स्वागत किया। आभार मनोज संगताणी ने माना। इस अवसर पर फूलों एवं गुलाल से रहवासी संघ ने होली खेली और छल्लों तथा लोकगीतों से होली पर्व को उल्लास पूर्वक मनाया।

## विद्युत विभाग में चलाया कुर्की अभियान बकायेदारों के वाहन किए जप्त



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई समीपस्थ ग्राम खामखेड़ा में घरेलू उपभोक्ता श्री प्रेमनारायण पिता चैन सिंह बिल पर बकाया राशि 11485 रुपए पर होंडा साइन मोटर साइकिल जप्त की गई ! सलसलाई वितरण केंद्र क्षेत्र अंतर्गत जप्ति कुर्की की कार्यवाही का सघन अभियान चलाया जा रहा है जिसमे घरेलू गैर घरेलू एवम् सिंचाई के बकायादारों की जपती कुर्की की जा रही है कनिष्ठ यंत्री मनोज मालवीय ने बताया कि अधिक बकाया राशि वालों के संपत्ति कुर्क करने का आदेश आया है अधिक राशि होने पर जमा नहीं करने पर उनके वाहन आदि जप्त किए जाएंगे।

### मेरा स्कूल स्मार्ट स्कूल के तहत भौंरासा में अग्रवाल परिवार ने दी स्मार्ट टीवी

**भौरासा/निप्र/भौरासा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर मे आज मेरा स्कूल स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम के तहत पूर्व में भौरासा नगर में रहने वाले व वर्तमान में सोनकच्छ के हुकुमचंद अग्रवाल के द्वारा अपने छोटे भाई सुरेश चंद्र अग्रवाल की स्मृति में एक स्मार्ट टीवी नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी की अध्यक्षता में प्रदान की गई स्कूल में यह उपहार पाकर बच्चो में काफी उत्साह देखा गया वही कार्यक्रम का संचालन स्कूल के खुर्शीद आलम खान ने किया वही आभार स्कूल प्राचार्य मोहिनी निर्मल के द्वारा माना गया वही अग्रवाल के द्वारा बताया गया की हमारा पूरा परिवार इसी गांव की पैदाइश है कही भी ऐसा मौका आता है की अगर कोई नेक काम करने का मोका मिले तो हम भोरासा से ही इसकी शुरुवात करते है इस अवसर पर अग्रवाल परिवार के परिजनों के साथ स्कूल स्टाफ से सारिका लाहोटी, आशीष चौरसिया एवं अन्य स्टाफ के लोग मौजूद रहे ।

## कलेक्टर निवास पर आयोजित हुआ जोरदार होली मिलन समारोह

समारोह में अधिकारी एंव पत्रकार हुए शामिल

**सुसनेर- दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)।** बुधवार को आगर में कलेक्टर निवास पर सुबह 11 से 2 बजे तक जोरदार होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में जिले के अधिकारी,एंव पत्रकारगण शामिल हुए। समारोह में सभी ने एक दुसरे के चेहरे पर रंग गुलाल लगाकर फिल्मी गानों पर डांस कर खुशी जाहिर की।



आपको बता दे कि इस समारोह में जिले के पत्रकारों को भी सादर आमंत्रित किया गया था। जिसके तहत सुसनेर के पत्रकार गिरिराज बंजारिया,आशिक मंसुरी ने भी कलेक्टर निवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर आगर जिला कलेक्टर कैलाश वानखेड़े,जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर,अपर कलेक्टर रवि कुमार सिंह,जिला पंचायत सीईओ डी एस रणदा, जिला जनसंपर्क अधिकारी रामभरोस दाधीच,पुर्व एसडीएम सुसनेर सोहन कनाश, पुर्व तहसीलदार सुसनेर विजय सेनानी,नायब तहसीलदार सुसनेर देवेंद्र धानगड़ सहित ओर भी अधिकारी एंव पत्रकार साथियों को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएं देने के साथ उनके चेहरे पर रंग गुलाल लगाया।

# जल जीवन मिशन से सुरक्षित कल -राज्यमंत्री श्री परमार

जल जीवन मिशन अंतर्गत तीन दिवसीय आवासीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण

**सुजालपुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** किशोर नाथ राजगुरु। जल जीवन मिशन से सुरक्षित कल यह बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री Inder Singh Parmar ने आज रुद्राक्ष होटल शुजालपुर में जल जीवन मिशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान कही।






राज्यमंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्राम के हर घर नल से पहुंचेगा शुद्ध पेयजल। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के जल जीवन मिशन के तहत युद्ध गति से कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण में उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि नलजल योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक तरह से करें और आम जन को किसी तरह की दिक्कत न होने दें। नलजल योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए नियमित रूप से जल कर भी ग्रामीण जनों से प्राप्त करें। राज्य मंत्री श्री इंदरसिंह परमार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत तीन दिवसीय आवासीय ग्राम स्तरीय सामुदायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शाजापुर विकासखंड शुजालपुर के होटल रुद्राक्ष में इंजीनियरिंग स्टाफ कालेज ऑफ इंडिया के विषय विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न प्रतिभागियों ग्राम के सरपंच सचिव रोजगार सहायक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों को सम्मिलित किया गया है।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री विजय सिंह चौहान ने जल जीवन मिशन के उद्देश्य एवं पेयजल आपूर्ति के विषय पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री जगदीश फौजी, श्री विजय सिंह बैस, जिला सलाहकार रश्मि शर्मा, विकासखंड समन्वयक श्री ओम प्रकाश मालवीय, पीएमयू विशेषज्ञ श्री कुशल दांगी, श्री संदीप नागर, श्री अरविंद शर्मा एवं शुजालपुर उपखंड की टीम उपस्थित थी।

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना लाडली बहना योजना के फार्म भरे ओर महिलाओं को जानकारी दी गई

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में लाडली बहना योजना के फार्म भरे



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के खाचरोद वार्ड नंबर 4 में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में मोमिन पूरा क्षेत्र में लाडली बहना योजना का कैंप लगाकर आंगनवाडी कार्यकर्ता साइना शाह व शेरोबी के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना लाडली बहना योजना के फार्म घर घर जाकर बांटे एवं महिला बाल विकास द्वारा 23 साल से अधिक एवं 60 से कम उम्र की पात्र महिलाओं के फार्म भरे एवं महिलाओं को जानकारी दी गई जिसमें समग्र आई डी आधारकार्ड बैंक खाता जो आधार कार्ड से मोबाइल नंबर अपडेट हो इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहसिन खान एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रक्तदान महादान जिसमें कई दिन वर्षो से आपका सहयोग प्रदान रहा और आगे भी आपका रहेगा

ग्लोबल चेंज लेकर अवार्ड से बीकानेर राजस्थान में सम्मानित होंगे नागदा के सुनील भावसार



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के नागदा रक्तदान के क्षेत्र में पिछले लगभग 20 वर्षो से सेवारत संजीवनी सेवा जन कल्याण समिति के संचालक एवं वर्तमान में थैलेसीमिया जन जागरण समिति उज्जैन संभाग के अध्यक्ष सुनील भावसार का राष्ट्रहित फाउंडेशन बीकानेर की ओर से आयोजित सेमिनार के दौरान सम्मान किया जाएगा सजीवनी फाउंडेशन रक्तदान के क्षेत्र आप कहीं वर्ष से इसमें 20 वर्ष से इसमें आप कार्य कर रहे हैं आपने अच्छे कार्य करने पर आपको सम्मानित प्रधान किया जाएगा आपकी योग्यता काबिल को देखकर सभी को हर्षोल्लास के साथ में नगर बीकानेर राजस्थान आप राष्ट्रीय हित में सोचने अच्छे कार्य करने पर आपको सम्मान पत्र दिया सर्व कार्य राष्ट्रहित में करते हैं आप सदा अग्रसर रहे उन्नति की ओर आपको बीकानेर राजस्थान की ओर से आपको हार्दिक अभिनंदन स्वागत।

### राष्ट्रमाता पन्नाधाय की जयंती उज्जैन में 13 मार्च को मनाई जावेगी

उज्जैन में 13 मार्च को सुबह 11 बजे उज्जैन साडू माता की बावडी पर आयोजित होगा


**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड/ मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन के नागदा में गुर्जर समाज की गौरव राष्ट माता पन्नाधाय की जयंती दिनांक 13 मार्च को बड़ी धूमधाम से मनाई जावेगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य से गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्टीय अध्यक्ष तथा गुर्जर परिषद के राष्टीय उपाध्यक्ष ऐडवोकेट आदरणीय रविन्द्रसिंह भाटी शामिल होंगे कार्यक्रम दिनांक 13 मार्च को सुबह 11 बजे उज्जैन स्थित माता साडू की बावडी आयोजित होगा सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील शिवनारायण गुर्जर,कवि देवसिंह गुर्जर धर्मेंद्र गुर्जर ने की।

### अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामसभाएँ हुई

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कैलाश वानखेड़े के निर्देशानुसार अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में महिलाओं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों के द्वारा दी गई। साथ ही समग्र आईडी संशोधन का कार्य भी किया गया।

खुशियों की दास्तान

### पीएम स्वनिधि योजना की मदद से गणेश लाल विश्वकर्मा ने पुनः प्रारंभ किया कपड़े की फेरी का व्यवसाय



**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों में जब सभी के काम धंधे बंद हो गए थे। छोटे-छोटे दुकानदारों के पास व्यापार प्रारंभ करने के लिए पूंजी नहीं थी ऐसे में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना उनके जीवन में उजियारा बनकर आई। इस योजना की मदद से छोटे-छोटे दुकानदारों ने पुनः अपना व्यवसाय प्रारंभ किया कुछ ऐसा ही कहना है आगर मालवा निवासी गणेश लाल विश्वकर्मा का। वे कहते है कि उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।उन्होंने स्वनिधि योजना में 10 हजार रूपए का ऋण लिया,जिससे उन्होंने कपड़े की फेरी का व्यवसाय पुनः प्रारंभ किया। जिसे उन्होंने प्रतिमाह किस्तों में चुका दिया हैं उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुलिसकर्मियों ने खूब खेली होली



**अकोदिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया पाँच दिवसीय रंगों का महापर्व होली का उत्साह अभी भी लोगों के सिर परवान चढकर बोल रहा है होली पर्व के दूसरे दिन गुरुवार को सभी पर्वो पर अपनी डुयूटी देने वाले पुलिस कर्मियों ने भी जमकर होली खेली पुलिस थाना परिसर से डी.जे के साथ रंग गुलाल उडाते हुए पुलिस स्टाफ ने सभी को रंग गुलाल लगाया जिस मार्ग से भी पुलिस कर्मी निकले रंगों से सडके भी रंगों से रंगीन हो गई।

# महापौर ने शहरवासियों से नगर गैर में सम्मिलित होने की अपील की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा 12 मार्च रविवार को रंगपंचमी के अवसर पर ''नगर गैर'' का आयोजन किया जाएगा। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने शहरवासियों से रंगपंचमी पर निकलने वाली रंगारंग गैर में सम्मिलित होने के लिए शहरवासियों से अपील की है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने बताया कि नगर में सौहार्द उत्साह, उमंग और रंगो से भरे रंगपंचमी पर नगर निगम द्वारा नगर गैर का आयोजन किया जा रहा है, गैर महाकालेश्वर मंदिर से गोपाल मंदिर तक निकलेगी, गैर का शुभारंभ ध्वज पुजन कर किया जाएगा, गैर में फायर फायटर, पानी के टैंकर इत्यादी शामिल होगे तथा हर्बल रंगो का उपयोग किया जाएगा, गोपाल मंदिर पढ़ाव स्थल पर गैर में शामिल नागरिकों का रंग गुलाल से स्वागत किया जाएगा एवं फायर फायटर एवं पानी के टैंकरो द्वारा पानी की बौछार की जाएगी।

गुरूवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल ने गैर के सफल आयोजन के लिए एमआईसी सदस्यों, झोन अध्यक्षों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए की जाने वाली तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहां कि गैर का शुभारंभ सांधु-संतो की उपस्थिति में ध्वज पूजन कर किया जाएगा, तत्पश्चात् गैर प्रारंभ होगी, गैर में विभिन्न समाज, सामाजिक संस्था, संगठनों द्वारा गैर का स्वागत किया जाएगा एवं गैर में पानी के टेंकरों के माध्यम से रंगबिरंगी बौछारे की जाएगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सुझाव दिए गए।

आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने नगर गैर की आवश्यक तैयारियों एवं प्रचार प्रसार हेतु संबंधितों को निर्देशित किया तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित करने एवं नगर गैर को सफल बनाने हेतु सभी नागरिकों से अपील की है।

बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री रजत मेहता, झोन अध्यक्ष श्री विजय सिंह कुशवाह, श्री सुशील श्रीवास, श्री सुरेन्द्र मेहर, श्री संग्राम सिह भाटिया, श्री पुरूषोत्तम मालवीय, पार्षद श्री सत्यनारायण चौहान, श्री प्रकाश शर्मा, श्री जितेन्द्र कुवाल, श्री राजेश बाथम, सार्वश्री विजय चौधरी, मुकेश यादव, जगदीश पांचाल, संजीव खन्ना, हेमंत वर्मा, विशाल राजोरिया, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी श्री सुनील जैन के साथ ही अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 8 मार्च 2023 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जन शिक्षण संस्थान उज्जैन के द्वारा दिनांक 8 मार्च 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की निदेशक श्रीमती अनीता सक्सेना के निर्देशन में जन शिक्षण संस्थान उज्जैन के कार्यालय परिसर में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा भार्गव अखिल भारतीय ब्राहमण समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव योग प्रशिक्षण, समाज सुधारक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्याअर्पण एंव दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होने अपने उदबोधन में नारीयों को आगे बढने की प्रेरणा देते हुये कहा यत्र नारी पूजते तत्र रमन्ते देवता और हर सफल नारी के पीछे पुरूष का हाथ होता है। इसी क्रम में विशेष अतिथि दीपमाला सिसोदिया द्वारा महिला को उनके अधिकारों एंव कानूनो की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनीता सक्सेना के द्वारा करते हुये बताया गया की महिलाओं को सशक्त बनने के लिये स्वावलम्बी बनना बहुत जरूरी है, ताकि वे अपने परिवार के कन्धें से कन्धा मिला कर कदम बढ़ा सके, इसलिये अपने आत्मसम्मान कि रक्षा के लिये शिक्षा और हुनर को अपना आजीवन हथियार बनाये रखें। इसीक्रम में हितग्राहीयों द्वारा सफलता की कहानी अपनी जुबानी के अन्तर्गत महिलाओं द्वारा अपनी सफलता की कहानी सुनाई गई। अतिथियों के द्वारा सभी सफल हितग्राहीयों को प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वीणा वादिनी के द्वारा किया गया एंव आभार श्री दिलीप सिंह चावड़ा के द्वारा माना गया। कार्यक्रम के समापन के समय महिलाओं द्वारा फाग उत्सव मनाया गया जिसमें फूलों से होली खेली गई, गाने की धुन फूलो मे सज रहे है वृंदावन बिहारी गीत पर सभी महिलाओं ने नृत्य किया। बालिका वेदिका नागर राधिका शनाया शर्मा कृष्ण ने फुलो का आंनद लिया।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर हुआ प्रशिक्षण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लाडली बहना का शुभारंभ किया गया है। गुरूवार को निगम मुख्यालय में योजना के संबंध में नगर निगम एवं महिला बाल विकास के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

नगर निगम मुख्यालय सभागृह में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम के समस्त झोनल अधिकारी, महिला बाल विकास के अधिकारी, कियोस्क सेंटर के संचालक एवं लाडली बहना योजना में भागीदारी करने वाले सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री राधेश्याम मंडलोई द्वारा योजना के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई एवं योजना का लाभ प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे इसको लेकर सभी को क्रमवार फॉर्म भरने एवं उससे जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई गई।

मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के सहित कई तरह की योजनाएं बहनों के लिए प्रदेश में चलाई जा रही हैं उसी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का शुभारंभ पिछले दिनों मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस के उपलक्ष में 5 मार्च रविवार को किया गया है जिसके अंतर्गत पात्र बहनों को अब 1000 प्रति माह शासन द्वारा दिया जाएगा। बैठक में उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, झोनल अधिकारी, सहायक संपत्ति अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी श्री सुनील जैन उपस्थित थे।

# 100 आराधक करेंगे 14 माह का वर्षीतप, तपस्या शुरू कराने आए जैनाचार्य नरदेवसागर सूरी महाराज

## खाराकुआ पेढ़ी मंदिर पर 15 मार्च से होगी सामूहिक तपस्या



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 60 वर्ष से अधिक संयम जीवन का निर्वाह करने वाले वरिष्ठ जैनाचार्य श्री नरदेव सागरसुरीजी महाराज एवं तपस्वी मुनिराज श्री पद्मकीर्तिसागरजी म.सा. की पावन प्रेरणा से श्री सिद्धचक्राधान केसरीया नाथ तीर्थ खाराकुआ पेढ़ी मंदिर पर 15 मार्च से सामूहिक वर्षीतप आराधना होगी। जिसमें 100 आराधक 14 माह की दीर्घ तपस्या कर अपने कर्मो का क्षय करेंगे। इसके लिए आचार्य श्री एवं मुनि श्री का मंगल आगमन घी मंडी स्थित कांच का जैन मंदिर से जुलूस के रूप में हुआ। श्री ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट मण्डल एवं सामाजजनो ने उनकी अगवानी की। जुलूस समाप्ति पर हुई धर्मसभा में पूज्य श्री नरदेव सागर सूरी जी ने समाज जनों को वर्षी तप आराधना के लिए प्रेरित किया और कहा की आप सिर्फ मन से तपस्या से जुड़ने का भाव रखे बाकि सब परमात्मा पर छोड़ दे। आपकी 14 माह की तपस्या निर्विघ्न बगैर किसी बाधा के पुर्ण हो जायेगी। तपस्या से जुड़ने का भाव ही आपको आधी व्याधी उपाधी से मुक्त कर देगा। इस तपस्या में लगभग 425 दिन तपस्वी गरम जल का ही उपयोग करेंगे। बीच में एक दिन छोड़कर उपवास, पारने और बेला तप आएंगे। बता दें यह तप प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान के जीवन काल से चल रहा है। 14 माह की तपस्या के लिए नगर के जैन समाज में अति उत्साह है। लगभग 75 आराधको ने नाम लिखा दिए, कुल 108 का लक्ष्य है। 15 मार्च सुबह 6:30 बजे मंगल मुहूर्त में इस तपस्या को आरंभ करवाने पूज्य जैनाचार्यश्री मतीचंदसागरसूरीजी महाराज एवं साध्वीवर्या श्री मुक्तिदर्शनाश्रीजी म.सा. साध्वीवर्या श्री सोम्यवंदनाश्रीजी म.सा. साध्वीवर्या श्री चंदरत्नाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा भी आयेंगे। उक्त जानकरी पेढ़ी ट्रस्ट सचिव श्री नरेन्द्र जैन दलाल ने दी।

## गुरु नवरत्न जन्मोत्सव पर गुणानुवाद सभा आज

जन-जन की आस्था के केंद्र मालव भूषण पूज्य आचार्य श्री नवरत्न सागर सुरीश्वर जी के 80 वें जन्मोत्सव के प्रसंग पर शुक्रवार सुबह 9.15 बजे खराकुआ पेढ़ी मंदिर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन होगा। डॉ. राहुल कटारिया के अनुसार आचार्य श्री नरदेव सागर सूरी जी एवं मुनि श्री पदमकीर्ति श्री जी मस कि निश्रा में पूज्य गुरुदेव द्वारा किए गए उपकारो का वर्णन होगा एवं महिला मंडल द्वारा गुरु गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। वही 13 मार्च को पूज्य आचार्य गुरुदेव देवेंद्र सागर सुरेश्वर जी की स्वर्गारोहण तिथि पर भी गुरु गुणानुवाद सभा होगी।


## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

(जाहिर सूचना)

प्राधिकरण की **क्षिप्रा योजना** के अंतर्गत आवासीय उपयोग के भूखण्ड **क्रमांक सी-7/12 श्रेणी एम-1** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्री नौशाद खॉन पिता श्री बाबू खॉन एवं श्री इन्साफ खॉन पिता श्री बाबू खॉन निवासी-34/4 केशव नगर, उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक ने दिनांक 22.02.2023 को आवेदन के साथ शपथ पत्र मय फोटो इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन



## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

(जाहिर सूचना)

उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक सह आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन **क्रमांक सी-17/2 श्रेणी एच.आई.जी.** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **(1) श्री आनंद बांग पिता स्व. श्री कृष्णाकांत जी बांगड (2) श्रीमती मंगला पति श्री आनंद बांगड निवासीगण - रामकृष्ण कॉलोनी देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है, को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन



## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

(जाहिर सूचना)

उज्जैन विकास प्राधिकरण की श्री एल.पी. भार्गव नगर आवासीय योजना के अंतर्गत आवासीय उपयोग के भूखण्ड/भवन **क्रमांक 4/16 श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस.** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में **श्रीमती लक्ष्मी वर्मा पिता श्री मांगीलाल जी वर्मा निवासी-4/16, एल.पी. भार्गव नगर उज्जैन (म.प्र.)** के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र मय फोटो आदि समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से फ्री-होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है, को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार (फ्री-होल्ड) किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर समाजहित में कार्य कर रही महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों किया सम्मान



**जीएनएस।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक पूजा लटवाल के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर समाजहित में कार्य कर रही महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को संस्था पदाधिकारियों व यातायात निरीक्षक राकेश माहरा ने हल्द्वानी कालाढूंगी चौराहा में माला पहनाकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से कहा की नारी शक्ति ही एक ऐसी शक्ति है जो सारे देश को सारे समाज को कभी एक माँ के रूप में कभी एक बहन के रूप में कभी एक पत्नी के रूप में तो कभी एक बेटी के रूप में एकता के सूत्र में बांधकर रखती हैं इसीलिए आज जरुरत हैं कि लड़कियों और महिलाओं को स्वयं आगे बढ़कर अपने अधिकारों को पहचानकर सबसे पहले उन्हें खुद को सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर उन्हें ये बताना होगा कि उनके अन्दर भी असीम क्षमतायें हैं उनका वो प्रयोग कर हर चुनौतियों का सामना करने में पूर्ण रूप से सक्षम है क्योंकि भारतीय सेना में मातृशक्ति की अधिक भागीदारी जैसी लाखों लड़कियां और महिलाएं जिन्होंने अपने कार्यो से अपनी शक्ति का परिचय दिया इसलिए वर्तमान समय में भी भारतीय नारी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना होगा जिससे भारतीय नारी को जब भी कोई मौका मिलेगा तो वह अपनी प्रतिभा को निखार कर भारत देश को प्रगति उन्नति की नई बुलंदियों में पहुँचाकर भारत देश को विश्व गुरु बनाने में भारतीय नारी का निश्चित रूप अहम योगदान रहेगा

इस दौरान महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाध्यक्ष बलराम हालदार मार्गदर्शक पूजा लटवाल रितिक साहू पूजा जोशी अभिषेक साहू सूरज मिस्त्री सुशील राय पवन कुमार दीपक प्रजापति मुकेश कुमार सूरज कुम्हार आदि लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जि. उज्जैन (म.प्र.)

E-mail :- cmobadnagar@mpurban.gov.in Phone no. 07367-225060

क्रमांक – 450/निर्माण/ईटेण्डरिंग/2023 बड़नगर, दिनांक 06.03.2023

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईनु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| जा.क्र./दिनांक | ऑन लाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | टेंडरक्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 434/02-03-2023 | 2023_UAD_257525_1 | वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जल प्रदाय शाखा अंतर्गत समस्त प्रकार की हेडपम्प सामग्री प्रदाय कार्य | 1500000/– | 11250/– | 2000/– | 30 दिवस/– | 03.04.2023 |

नोट–

(1) विस्तृत निविदा टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने पर डाउनलोड करने के लिये https://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है, अधिक जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर में देखी जा सकती है।
(2) निविदा डाउनलोड करने के पूर्व निविदाकार नगर पालिका परिषद् बड़नगर में उपलब्ध शर्तों का अवलोकन करने के पश्चात् ही टेण्डर क्रय करें।
(3) निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार–पत्र में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।
(4) शासन निर्देशानुसार जी.एस.टी. की समस्त शर्तें लागू होगी।

श्री अभय टोंग्या, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर
श्रीमती अनिता सतीश वर्मा, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर
श्री अजय दौराया, जल सभापति, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर
सुश्री कमला कोल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, बड़नगर


# प्रधानमंत्री की बैठक में शामिल होगे महापौर श्री टटवाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर श्री मुकेश टटवाल मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दिनांक 10 एवं 11 मार्च 2023 को आयोजित बैठक में शामिल होगे।

दिनांक 10 एवं 11 मार्च 2023 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय जलवायु परिवर्तन तथा स्थानीय प्रतिरोध क्षमता आपदा जोखिम न्यूनीकरण की तृतिय बैठक में महापौर श्री मुकेश टटवाल शामिल होगे। बैठक का शुभारंभ मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। बैठक में मध्य प्रदेश से 07 स्मार्ट सिटी के नगरीय निकायों के महपौरों को आमंत्रित किया गया है जिसमें उज्जैन महापौर श्री मुकेश टटवाल भी शामिल है।

## सम्पादकीय

# परसेप्शन की लड़ाई में किसका होगा फायदा?

लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू यादव का परिवार के खिलाफ सीबीआई ऐक्शन को लेकर पक्ष और विपक्ष में परेस्पशन बन रहा है। इसका फायदा उठाने में दोनों पक्ष जुटे हुए हैं। बीजेपी ऐसे हर मौके पर लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान हुए घोटालों की याद दिलाते हुए नए सिरे से आरोप लगाती है।

आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव से मंगलवार को दिल्ली में और उनकी पत्नी तथा बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से सोमवार को पटना में हुई सीबीआई पूछताछ की खबरों ने एक बार फिर बीजेपी और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप को तेज कर दिया है। यह पूछताछ रोजगार के बदले जमीन घोटाले में की गई है। आरोप है कि रेलवे में नौकरी के बदले पटना में बेशकीमती जमीन मुफ्त या नाम मात्र की कीमत पर ली गई। आरोपों की सचाई तो कोर्ट में सामने आएगी, लेकिन फिलहाल जांच एजेंसी की कार्यवाही से पक्ष-विपक्ष में परसेप्शन जरूर बन रहा है, जिसका फायदा उठाने की दोनों पक्ष भरपूर कोशिश कर रहे हैं।

जहां बीजेपी ऐसे हर मौके पर लालू प्रसाद यादव के शासनकाल के दौरान हुए घोटालों की याद दिलाते हुए नए सिरे से आरोप लगाती है, वहीं आरजेडी और विपक्षी खेमे के अन्य दल इसे राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित कार्रवाई बताते हैं। इस पूछताछ के बाद भी आरजेडी नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यह सब इसीलिए हो रहा है क्योंकि उनका परिवार बीजेपी का पूरी ताकत से विरोध कर रहा है। उनका कहना है कि 2024 के चुनावों तक यह सब चलता ही रहेगा।

आप नेता मनीष सिसोदिया के मामले से खुद को दूर रखने वाली कांग्रेस भी इस मामले में लालू प्रसाद और राबड़ी देवी का बचाव करती नजर आई। खुद प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट कर लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को परेशान किए जाने की बात कही। इन कथित घोटालों की जांच-पड़ताल से बनते परसेप्शन के नफा-नुकसान की बात करें तो इस बात की संभावना कम लगती है कि लालू प्रसाद या आरजेडी को इससे कोई सीधा नुकसान होगा। उन पर घोटालों के आरोप नए नहीं हैं। चारा घोटाले में तो दोषी करार दिए जाने के बाद उन्हें जेल भी हो गई। लेकिन इसका उनकी पार्टी को मिलने वाले वोट पर खास असर नहीं हुआ। नए आरोपों से उनके समर्थक वर्ग की उनके प्रति बनी धारणा में कोई बड़ा बदलाव आएगा ऐसा मानने का फिलहाल कोई ठोस आधार नहीं है।

जहां तक लालू प्रसाद के विरोधियों की बात है तो उनकी धारणा भी पहले से बनी हुई है। ये नए आरोप उस धारणा को थोड़ी और मजबूती भले दें, विरोधियों की संख्या में कोई बड़ा इजाफा करेंगे ऐसा कम से कम अभी तो नहीं लगता। मगर इन दोनों तबकों से अलग मतदाताओं का एक ढीला-ढाला समूह भी है, जो पक्ष या विरोध में प्रतिबद्ध नहीं है। उसे जरूर ये कवायदें प्रभावित कर सकती हैं। लेकिन यह संभावित प्रभाव भी दोनों तरह का हो सकता है। यानी कुछ लोग अगर बीजेपी के आरोपों के आधार पर धारणा बना सकते हैं तो कुछ अन्य सहानुभूति की भावना के प्रभाव में भी आ सकते हैं। फिलहाल दोनों पक्षों का ध्यान इन्हीं प्रभावों पर है, जिनका नतीजा 2024 में चुनावों के बाद ही सामने आएगा।

# आत्मज्ञान ही मनुष्य लोक में पवित्रतम ज्ञान है



न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते। तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति ।।

श्रीमद्भगवत गीता

अर्थात् इस मनुष्य लोक में ज्ञान के समान पवित्र करनेवाला दूसरा कोई साधन नहीं है। जिसका योग भली भाँति सिद्ध हो गया है वह (कर्मयोगी) उस तत्त्वज्ञान को अवश्य ही स्वयं अपने आप में पा लेता है।

प पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने 5 मई 1970 को सामूहिक आत्मसाक्षात्कार देने की सहज पद्धति खोज निकाली। इस पद्धति का उल्लेख हमे 'भगवद्गीता' में मिलता है। इस योग के बारे मे भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, हे पार्थ, इस जगत मे आत्मज्ञान जितना कुछ भी पवित्र नहीं है। अर्थात केवल अपने हृदय में स्थित आत्मज्ञान ही पवित्रतम है। और ये आत्मज्ञान किसे प्राप्त होता है? जब कोई भी साधक कर्मयोग के द्वारा अपना अंतःकरण शुद्ध करता है तब वह अपने आप इस ज्ञान को अपनी आत्मा से पा लेता है। जिस आत्मज्ञान की बात उपरोक्त श्लोक मे की गई है। उसे सहजयोग द्वारा पाया जा सकता है। सहजयोग में हम हमारा अंतकरण कैसे शुद्ध करते हैं? दरअसल सहजयोग केवल ध्यान योग नहीं, अपितु संज्ञानात्मक विज्ञान ( cognitive Science ) है। जब कोई भी साधक अपनी खुद इच्छाशक्ती जागृत कर अपना योग माँगता है, तब उसकी इडा-पिंगला नाड़ियां मध्य सुषुम्ना के साथ एकाकार हो जाती हैं और मूलाधार स्थित माँ स्वरुपिणी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर साधक को 'निर्विचारिता' प्रदान करती है। निर्विचारिता का यह अनुभव बड़ा ही विलक्षण होता है। उसे पुनः प्राप्त करने के लिए साधक हर दिन प्रयासरत रहता है, ध्यान करता है। ध्यान से हमारे शरीर में स्थित सूक्ष्म चक्र जाग्रत हो जाते हैं। ध्यान धारणा द्वारा वह आत्मपरीक्षण करने लगता है, कि उसे कौन से चक्र के संतुलन की आवश्यकता है। जैसे किसी साधक का स्वभाव क्रोधी होगा, तो फौरन उसे पता चल जायेगा की उसे ध्यान में आज्ञा चक्र पर चित्त एकाग्र करके क्षमा माँगना है। और क्षमा माँगते ही शीतल चेतन्य लहरीयों का अनुभव प्राप्त होने लगता है। धीरे-धीरे क्रोधी आदमी भी शांत-सरल व प्रेम से परिपूर्ण हो जाता है इसे ही हम सहजयोग मे अंतःकरण शुद्धि कहते हैं। श्री कृष्ण के गीता में दिए संदेश का सरल व प्रायोगिक प्रकटीकरण ही सहजयोग है। सहजयोग पूर्णतः निशुल्क व सर्वसुलभ है।सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट?- sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल-लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# इन पत्तों के बिना अधूरा रहता है पूजा-पाठ

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है। पेड़- पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है और वातावरण हरा-भरा रहता है। इसके अलावा कुछ पेड़ धार्मिक नजरिए से भी काफी महत्वपूर्ण हैं। प्राचीन काल से इनकी हिफाजत करना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। खासतौर पर हिंदू धर्म में शुभ कार्यों में वृक्षों को काफी सम्मान दिया जाता है। तमाम मांगलिक कार्यक्रमों और पूजा-पाठ में कुछ प्रमुख पेड़ों के पत्तों का अपना ही अलग महत्व है, जिनके बिना कोई भी मार्गलिक कार्यक्रम पूरा नहीं हो सकता है। आज हम आपको ज्योतिष के अनुसार हिंदू धर्म में शुभ माने-जाने वाले 9 वृक्ष पत्तों (~ plants leaves) के बारे में विस्तार से बताते हैं।

**1. तुलसी का पत्ता**

हिंदू धर्म में तुलसी को सबसे पवित्र पौधा माना जाता है। साथ ही सभी मांगलिक कार्यों में तुलसी के पत्तों का उपयोग किया जाता है। भगवान की पूजा और भोग अर्पित करने में तुलसी के पत्ते का होना आवश्यक है। कहा जाता है कि तुलसी के पत्ते को आप 11 दिन तक शुभ मान सकते हैं इसलिए एक ही पत्ते को 11 दिनों तक गंगाजल में धोकर आप भगवान को अर्पित कर सकते हैं। लेकिन तुलसी के पत्ते को रविवार, एकादशी, द्वादशी, संक्रांति और संध्या के वक्त नहीं तोड़ना चाहिए। इसके अलावा भगवान भोलेनाथ, गणपति और भैरव महाराज पर तुलसी को अर्पित करने से बचना चाहिए। वहीं दूसरी ओर भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी का होना अति अनिवार्य है क्योंकि भगवान विष्णु का प्रिय पत्ता तुलसी है। ज्योतिष के अनुसार, भगवान के भोग में तुलसी का होना आवश्यक है वरना भगवान भोग को स्वीकार नहीं करते हैं। याद रखें कि तुलसी को कभी भी भगवान के चरणों में अर्पित नहीं करन चाहिए इससे भगवान नाराज हो जाते हैं।

**2. बिल्वपत्र**

कहा जाता है कि भगवान शिव की आराधना बिना बिल्वपत्र के अधूरी है। शिवलिंग पर अभिषेक के दौरान बेलपत्री को चढ़ाना आवश्यक है क्योंकि इससे लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके अलावा बिल्वपत्र को चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस्या और किसी माह की संक्रांति में नहीं तोड़ना चाहिए। ज्योतिष की माने तो अगर नया बेलपत्र आपको नहीं मिल पाता है तो आप किसी दूसरी के चढ़ाए हुए बेलपत्र को भी धोकर इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं बिल्वपत्र को शिवलिंग पर सदैव उल्टा अर्पित करना चाहिए। बेलपत्र में जितने अधिक पत्ते होंगे उतना ही उसे उत्तम माना जाता है। ध्यान रखें कि बेल पत्री में चक्र और वज्र नहीं होना चाहिए। बिल्वपत्र को तोड़ते वक्त केवल इसकी पत्तियां तोड़नी चाहिए ना कि टहनी और

**अमृतोद्भव श्रीवृक्ष महादेवप्रिय- सदा।**
**गृह्णामि तव पत्राणि शिवपूजार्थमादरात् ॥**

**जैसे मंत्र का मंत्रोच्चार करना चाहिए।**

**3. पान का पत्ता**

पान के पत्ते को हिंदू धर्म में पूजा-पाठ से लेकर किसी भी शुभ कार्य में अवश्य शामिल किया जाता है। पौराणिक कथानुसार समुद्र मंथन के वक्त पहली बार देवताओं ने पान के पत्ते का उपयोग किया था। पान या तांबूल को हवन पूजा की एक अहम सामग्री माना जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार पान के पत्ते में विभिन्न देवी-देवताओं का वास होता है। पान के पत्ते के ठीक ऊपरी हिस्से में इंद्र एवं शुक्र देव विराजित हैं। बीच के हिस्से में मां सरस्वती विराजमान हैं और पत्ते के बिल्कुल निचले हिस्से में मां महालक्ष्मी जी बैठी हैं। भगवान शिव पान के पत्ते के भीतर वास करते हैं। हिंदू मान्यता के मुताबिक, पूजा की थाली में फटा हुआ, सूखा हुआ पान का पत्ता इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। वहीं दक्षिण भारत में किसी भी शुभ कार्यक्रम में भगवान से प्रार्थना करते समय पत्ते के भीतर पान का बीज और 1 रुपये रखने का प्रावधान है। ज्योतिष की मानें तो रविवार को यदि आप किसी खास काम को करने के लिए बाहर जा रहे हैं तो आप अपने पास पान का पत्ता अवश्य रखें, कहा जाता है कि काम अवश्य पूरा होता है।

**4. केले का पत्ता**

हिंदू धर्म में केले के पत्ते को पूज्य और पवित्र माना गया है। किसी भी पूजा-पाठ के दौरान केले के फल, तने और पत्ते का उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि केले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास है इसलिए सत्यनारायण की कथा में केले के पत्तों का मंडप बनाया जाता है। वहीं दक्षिण भारत में केले के पत्ते पर भोजन परोसा जाता है। गुरुवार को भगवान बृहस्पतिदेव की पूजा में केले का विशेष महत्व है। ज्योतिष के अनुसार, यदि आप 7 गुरुवार नियमित रूप से केले की पूजा करते हैं तो सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं और अविवाहित कन्याओं को सुंदर वर की प्राप्ति हो सकती है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी को भोग भी लगाया जाता है।

**5. आम का पत्ता**

हिंदू धर्म में किसी भी धार्मिक कर्मकांड या मांगलिक कार्यक्रम में आम के पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है, इसके अलावा शादी-ब्याह के दौरान तोरण में भी आम के पत्ते को शामिल किया जाता है। वैदिक काल से हवन में आम की लड़कियों का ही इस्तेमाल करते आ रहे हैं, इससे वातावरण में सकारात्मकता बढ़ती है। मान्यता है कि बजरंगबली को आम बहुत प्रिय है। इसलिए हनुमान जी की पूजा के दौरान आम का पत्ता होना अनिवार्य है।

**6. सोम की पत्ती**

पौराणिक काल से सभी देवी-देवताओं को सोम की पत्तियां अर्पित की जाती थी। वर्तमान में इन पत्तियों का मिलना काफी दुर्लभ है। प्राचीन काल में सोम की पत्तियों से निकले रस को 'सोमरस' कहा जाता था। यह नशीला नहीं होता था। खासबात यह है कि सोम लताएं पर्वत की श्रृंखलाओं में पाई जाती है।

**7. शमी का पत्ता**

मान्यता है कि घर में देवी-देवताओं की कृपा बनाए रखने के लिए शमी का पेड़ लगाना चाहिए, इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। प्रत्येक शनिवार को भगवान शनि को शमी का पत्ता अर्पित करना चाहिए, इससे शनि के दोष कम हो जाते हैं और बिगड़े हुए काम बनने लगते हैं। शमी का पौधा घर के उत्तर-पूर्व दिशा के कोने में लगाना चाहिए और नियमित इसकी पूजा करनी चाहिए। भगवान शनि के अलावा भगवान गणेश को भी शमी का पत्ता काफी प्रिय है क्योंकि शमी में भगवान शिव का वास होता है, यही कारण है कि इस पत्ते को गणेश जी पर चढ़ाते हैं। ऐसा करने से घर-परिवार, नौकरी और कारोबार की परेशानियां दूर हो सकती हैं। वहीं हर सोमवार को शमी का पत्ता शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी ग्रहों के दोष दूर हो सकते हैं।

**8. पीपल का पत्ता**

हिंदू धर्म में पीपल वृक्ष को देवों का देव कहा गया है। मान्यता है कि इस पेड़ में सभी देवी-देवता का वास होता है। भगवान शिव को पीपल का पत्ता भी अधिक प्रिय है। कहा जाता है कि भगवान शिव पर पीपल के पत्ते को अर्पित करने से शनि के प्रकोप से बचा जा सकता है। पीपल में रोजाना जल अर्पित करने से कुंडली के अशुभ ग्रह योगों का प्रभाव समाप्त हो सकता है। पीपल की परिक्रमा से कालसर्प जैसे दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। सभी कष्टों से छुटकारा पाने के लिए पीपल के नीचे बैठकर पीपल के 11 पत्ते तोड़कर उन पर चंदन से भगवान श्रीराम का नाम लिखें। फिर इन पत्तों की माला बनाकर उसे हनुमान जी को अर्पित करें।

**9. बड़ का पत्ता**

ज्योतिष के अनुसार, यदि आप सुख-समृद्धि और कर्ज से मुक्ति पाना चाहते हैं तो होली के दिन बड़ के पेड़ का एक पत्ता तोड़े और इसे साफ पानी से धो लें। अब इस पत्ते को कुछ देर हनुमानजी के सामने रखें इसके बाद इस पर केसर से श्रीराम लिखें। अब इस पत्ते को अपने पर्स में रख लें।

10 मार्च 2023-शुक्रवार, आज किन राशियों की चमकेगी किस्मत, पढ़ें अपना दैनिक राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य** -व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें।

**उपाय** - काले रंग के कुत्ते को भोजन कराना आज आपकी निष्क्रियता को दूर कर सकता है.

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-क्रीम**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य** - विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**उपाय - बाहर जाते समय केसर या हल्दी का तिलक मस्तक पर करना आर्थिक स्थिति को सुधारेगा.**

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग-लाल**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य**- भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**उपाय - मांसाहार नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है- इसलिए बेहतर होगा कि आप इसका का त्याग करें.**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-सफेद**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य**-व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है।

**उपाय - दूध में हल्दी डालकर पीने व नहाने वाले पानी में हल्दी डालकर स्नान करने से पारिवारिक जीवन अच्छा होगा.**

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-पीच**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य** - दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। दुष्?टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**उपाय-लाल चंदन से स्नान करने से लव लाइफ अच्छी चलती है.**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-हरा**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य**-रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

**उपाय - पारिवारिक जीवन को अच्छा रखने के लिए किसी भी भैरव मंदिर में दूध का पैकेट दें.**

**शुभ अंक-6**
**शुभ रंग-नारंगी**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य** -आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**उपाय - '? भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः' इस मंत्र का 11 बार उच्चारण करने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-1**
**शुभ रंग-गुलाबी**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य** - शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**उपाय - खटाई वाली चीजें नींबू , इमली या गोल-गप्पे छोटी कन्याओं में बाँटने से पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा.**

**शुभ अंक-9**
**शुभ रंग-पीला**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य**-नई योजना बनेगी। आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

**उपाय - दाम्पत्य सुख प्राप्ति के लिए केसर का खाने में प्रयोग करें.**

**शुभ अंक-2**
**शुभ रंग-नीला**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य** -किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा। नौकरी में शांति रहेगी। कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**उपाय - साबुत हल्दी बहते जल में प्रवाहित करने से प्रेम सम्बन्धों में आ रही बाधाएं समाप्त होंगी.**

**शुभ अंक-7**
**शुभ रंग-आसमानी**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य** - किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

**उपाय** - अपने गर्लफ्रेंड/बॉयफ्रेंड को सीप, मोती या शंख से बनी वस्तु भेंट करने से प्रेम सम्बन्ध अच्छे रहेंगे.

**शुभ अंक-3**
**शुभ रंग-लाल**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य**-धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**उपाय - तांबे के बर्तन में रात भर रखा पानी पीना स्वास्थ्य के लिए फ़ायदेमंद रहेगा.**

**शुभ अंक-8**
**शुभ रंग-सफेद**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य



संजीव ठाकुर

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई हैद्य वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

## संजीव-नी।।

### *वो ख़ामोशी से सबकी सुन रहे हैं*

*कुछ उधेड़ रहे हैं कुछ बुन रहे हैं,*
*वो ख़ामोशी से सबकी सुन रहे हैं ।*

*जश्न है एक दूसरे के गले मिल रहे हैं*
*वो तो खुदा की खिदमत चुन रहे है।*

*कुछ रंजिशे ,साजिशे बुन रहे है*
*वो फजर की अजान सुन रहे है।*

*कुछ मोहब्बत की दास्तानें सुन रहे है,*
*वो फिर मजार की चादर बुन रहे है।*

*रसूख वाले दौलत का जरिया चुन रहे है,*
*वो दरवेश की बातें करिश्माई सुन रहे है।*

*दौलत वाले शोहरत के लिए सर धुन रहे है*
*वो मन्दिर में माला के लिए फूल चुन रहे है।*

*कुछ पश्चिम में फटे बम का रुदन सुन रहे है,*
*बदले की आग में, कुछ कलम के सर चुन रहे है,*

*एक हैं, पर ये कुछ बुन रहे वो कुछ गुन रहे है*
*वो ख़ामोशी से किस्मत का ताना बॉना बुन रहे है।।*

*कुछ अपना सियासी नया लीडर चुन रहे है,*
*वो ख़ामोशी से उनकी कमजोर नब्ज़ चुन रहे है*

*कुछ अपनी सुना रहे कुछ अपनी सुन रहे है*
*वो ख़ामोशी से रहबर का पैगाम सुन रहे है।।*

*कुछ एलान जंग का फ़रमान सुन रहे है,*
*वो ख़ामोशी से अमन की राह चुन रहे हैं।।*

***-संजीव ठाकुर,***

# शांति सद्भाव का उड़ा रंग, शहवासियों ने उत्साह से मनाया धुलेंडी पर्व

## - सुबह से शाम तक रंगे-पुते चेहरों से घूमती रही हुलियारों की टोलियां






**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर भर में बुधवार को रंग-गुलाल की मस्ती और हर्ष का त्यौहार होली पारंपरिक उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। ढोल-ढमाके की थाप पर जहां युवक थिरके वहीं युवतियां व महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। भाई चारे और सौहार्द्र के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया।

सड़कों पर रंगे पुते लोग होली की मस्ती में नजर आए और गुलाल लगाकर एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। रंग में भंग में न पड़े इसके लिए पुलिस भी मुस्तैद नजर आई। लोग गली-मोहल्लों में एक दूसरे के घरों में पहुंच कर रंग और गुलाल आपस में मलते-रगड़ते नजर आए। शहर में रंगों का त्यौहार होली परपरागत ढंग से हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाया गया। स्थानीय आजाद चौक, नई सड़क, बस-स्टैंड, टंकी चौराहा, आदर्श कालोनी, गायत्री नगर, महुपुरा, किला रोड, सोमवारिया बाजार सहित कई स्थानों पर होलिका दहन के बाद रंग-गुलाल और पानी से एक दूसरे को भिगोने का सिलसिला शुरू हुआ जो कि शाम तक चलता रहा।

### युवतियों और महिलाओं ने भी उड़ाया गुलाल

धुलेडी पर जहां युवा और पुरुष होली की मस्ती में झूम रहे थे, वहीं महिलाएं और युवतियां भी रंगों से सराबोर नजर आ रही थी। कहीं पर गीतों की धुन तो कहीं पर ढोल की थाप पर युवतियों और महिलाओं ने भी जमकर मस्ती की ओर होली का आनंद लिया।

### निकली युवाओं की टोली

धुलेंडी पर सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों और युवाओं में देखने को मिला। सुबह से ही मोहल्लों से युवाओं की टोली निकलना शुरू हुई। घर-घर जाकर युवकों ने अपने-अपने दोस्तों के साथ जमकर रंगीन हो गए। लोग सुबह से ही टोलियां बनाकर निकल पड़े तथा अपने मित्रों के घरों पर दस्तक देने लगे। जो लोग अपने घरों से स्वयं नहीं निकले, उन्हें मनाकर या डराकर घरों से बाहर निकाला गया और फिर अपनी टोली में शामिल कर लिया गया।

### परंपरा का किया निर्वहन

नई सड़क स्थित गवली समाज में होली के दिन परंपरा का निर्वाहन करते हुए होली दहन के बाद वहां पर महिलाओं ने बाटी सेकी। होली पर सेकी यह बाटी पूरे समाज के लोगों ने ग्रहण की। वहीं होली के दिन विभिन्न समाजजनों ने गेर भी निकाली। साथ ही गमी वाले घरों में जाकर रंग डालने के लिए भी लोग पहुंचे।

### आजाद चौक में 5 दिवसीय आयोजनो की हुई शुरुआत

5 दिवसीय होली पर्व के पहले दिन बुधवार से शहर में रंग पर्व की शुरुआत हुई। हिंदु उत्सव समिति की ओर से आयोजित सार्वजनिक चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव के तहत होलिका दहन के बाद बुधवार सुबह होते ही आजाद चौक में होली के रंग बिखरने लगे। बच्चों और युवाओं की टोलियो के साथ सभी वर्गो के लोगों ने जमकर होली खेली और गुलाल उड़ाया। बड़ी संख्या में लोग आजाद चौक पहुंचे लोगो ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी रंग लगाया और ढोल की थाप पर होली की मस्ती में जमकर झुमे। दूसरे दिन भी सुबह आजाद चौक में जमकर रंग गुलाल उड़ा। तो शाम को खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने देर रात तक आकर्षक भजनों की प्रस्तुति दी।

## परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाने के लिए निरीक्षण दल गठित

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षाएं 1 व 2 मार्च से संचालित हो रही है। शेष विषयों की परीक्षाओं के लिए विकासखंड झिरन्या, सेगांव और भगवानपुरा के परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने संशोधित आदेश जारी कर निरीक्षण दल गठित किया है। नियुक्त दल परीक्षा केन्दों पर नकल आदि पर नजर रखेंगे तथा केन्द्रों पर परीक्षा के दिन निगरानी रखेगा। साथ नियुक्त दल सांय 5 से पूर्व एसडीएम खरगोन को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

**ये रहेंगे दल में शामिल**-झिरन्या विकासखण्ड की शासकीय उमावि झिरन्या, शा. कन्या उमावि झिरन्या तथा शासकीय मॉडल उमावि झिरन्या के दल प्रभारी झिरन्या नायब तहसीलदार श्री विजेन्द्र सिंह कटारे होंगे। वहीं इनके साथ दल में विकासखण्ड स्त्रोत समन्यवक श्री राघवेन्द्र जोशी, राजस्व निरीक्षक झिरन्या श्री केआर वास्कले, व प्रा. शि. प्रावि राजपुरा के श्री राहुल सोलंकी दल में शामिल रहेंगे।

## नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यवहारिक रूप से बहुत कुछ किया जाना है- डॉ. सुनीता बागडिया

### माधव कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कहने को तो संविधान ने स्त्री को पुरुष के समान अधिकार दिए हैं लेकिन भारतीय समाज में महिलाओं के साथ अभी भी भेद भाव हो रहा। उन्हें आत्म निर्भर होने से रोका जा रहा है । फिर भी वे संघर्ष कर रही हैं और आगे बढ़ रही हैं । इस के लिए लोग और विशेष रूप से सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी मेहनत कर रहे हैं । इस का नतीजा जागृति के रूप में देखने को मिल रहा है । हमें हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढाना है । इसी तरह से मध्यप्रदेश स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनेगा। ये उद्गार माधव कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए शिक्षाविद डॉ सुनीता बागड़िया ने व्यक्त किये। माधव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जवाहर लाल बर्मैया ने कहा कि माधव कालेज महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण है। सामान्यतः हमारे पढ़े लिखे समाज में भी महिलाओं को जीवन और कैरियर में माता पिता की मर्ज़ी से चलना पड़ता है।

# होली पर भी भिगो गया प्री-मानसून, सर्द हुआ मौसम

## - 15 मार्च से फिर एक्टिव हो रहा सिस्टम, फिलहाल खुला मौसम



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मौसम विभाग की होली पर बारिश की संभावना काफी हद तक सही साबित हुई और इस दिन भी आसमान पर छाए बादल बरस पड़े। बारिश तो ज्यादा नहीं हुई, लेकिन इससे मार्च का मौसम जरूर सर्द हो गया, जिसके चलते लोगों को कंबल व रजाई का सहारा लेना पड़ा। अगले दिन आसमान साफ हुआ और धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। लेकिन दोबारा प्री-मानसून के लौटने की संभावना जताई जा रही है।

बुधवार की शुरूआत भी तेज धूप से हुई थी और लोग त्यौहार मनाने में व्यस्त थे। शाम करीब 5 बजे अचानक मौसम बदला और आसमान पर काले बादल छा गए और कुछ ही देर बाद बारिश शुरू हो गई। जो कभी झमाझम तो कभी रिमझीम के रूप में आधे घंटे तक जारी रही। इसके बाद बारिश थम गई, लेकिन ठंडी हवाओं ने मौसम में ठंडक घोलने का काम किया जिससे लोगों को बाहर निकलने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। इसके बाद बारिश तो नहीं हुई, लेकिन मौसम सर्द होने से लोग ठिठुरने पर मजबूर हो गए। अगले दिन गुरूवार को मौसम साफ हो गया। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि तीन चार दिनों तक तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने बताया कि गुरूवार को अधिकतम तापमान 32.2 व न्यूनतम तापमान 13.3 दर्ज किया गया।

**फिर लौटकर आएगा प्री-मानसून**-फिलहाल मौसम साफ है, लेकिन मौसम विभाग की माने तो एक बार फिर प्री-मानसून की बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ श्री धनोतिया ने बताया कि आगामी 15 से 18 मार्च को एक बार फिर बारिश हो सकती है। क्योंकि एक और नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है जिसमें 15 से 18 मार्च के बीच जिले में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

# 6 मंडलियों ने किया सुंदरकांड का पाठ भक्तिमय हुई होली उत्सव की शुरूआत

## - दूसरे दिन बाबा श्याम के भजनों से सजा मंच



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में पांच दिनी होली पर्व पांच दिनों तक आनंद और आस्थ के साथ मनाया जाता हैं जिसमें कई सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होते हैं, जो आयोजन की शोभा को बढाते हैं। इस वर्ष भी चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा रामभक्त हनुमान का नाम लेकर की गई और 6 मंडलियों ने सुंदरकांड का पाठ कर पर्व की भक्तिय शुरूआत की।

पहले दिन स्थानीय आजाद चौक में बुधवार रात को सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें शहर की 6 प्रमुख भजन मंडलियां श्री खेड़ापति सुंदरकांड मंडल, श्री बाल हनुमान सुंदरकांड मंडल, श्री मुरादपुरा सुंदरकांड मंडल, श्री सीताराम सुंदरकांड मंडल, श्री अंजनीनंदन सुंदरकांड मंडल और श्री नित्यानंद सुंदरकांड मंडल द्वारा एक साथ मिलकर संगीतमयी सुंदरकांड पाठ किया गया। जिनकी संगीतमय प्रस्तुति से पूरा शहर भक्ति के रंग में रंग गया। आयोजन के बाद सभी भजन मंडलियों को मंच से सम्मानित किया गया। समिति के संयोजक कैलाश सेन एवं सचिव सतीश राठौर ने बताया कि 9 मार्च गुरुवार रात 8 बजे से स्व. चांदमलजी राम स्मृति में खाटूश्याम जी की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें देवास के सुर मंदिर ग्रुप के विजय चौहान देवास, कृतिका मालवीय इटारसी और विक्की शर्मा देवास द्वारा श्याम कीर्तन किए जाएंगे।

**ये भी होंगे आयोजन**

श्री सेन ने बताया कि होली पर्व के तहत 10 मार्च को शहर की शाम कवियों के काव्य पाठ से सजेगी। इस दिन देश-प्रदेश के ख्यात कवि रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कवि सम्मेलन में शशिकांत यादव शशी (सबरस संचालन) देवास, अजय अंजाम (वीररस) ओरय्या कानपुर, योगिता चौहान (गीत-गजल) आगरा, दीपक पारिख (हास्य कवि) भीलवाड़ा, अर्जुन अल्हड़ (हास्य कवि) कोटा, राहुल शर्मा (वीर रस) उज्जैन और जगदीश (वीर रस) देवास कविता पाठ करेंगे। इसके बाद 11 मार्च शनिवार को रात 8 बजे से स्थानीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन और वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 12 मार्च रविवार को रंगपंचमी महोत्सव मनाया जाएगा और अखाड़ों के उस्तादों का सम्मान किया जाएगा।

# स्व-सहायता समूह की बहने हो सक्षम - सांसद श्री गजेन्द्र पटेल



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान का स्वप्न है कि माताऐं बहनें आर्थिक रूप से सक्षम बनें। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में शासन द्वारा स्व-सहायता समूह का गठन किया जा रहा है। स्व-सहायता समूह के माध्यम से माताओं एवं बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई इत्यादि का कार्य किया जाता है। संसदीय क्षेत्र खरगोन बड़वानी में संचालित स्व-सहायता समूह की बहनों से सांसद श्री पटेल की भेंट के दौरान संज्ञान में आया कि वर्तमान में एक गणवेश की सिलाई पर 60 रू ही मानदेय दिया जा रहा है जिससे की माताओं एवं बहनों को पारिवारिक निर्वहन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए सांसद श्री पटेल ने जिला परियोजना प्रबंधक खरगोन श्रीमती सीमा निगवाल से दुरभाष पर चर्चा कर तथा जिला परियोजना प्रबंधक बड़वानी श्री योगेश तिवारी व सभी विकासखण्ड प्रबंधकों के साथ सांसद सेवा केन्द्र बड़वानी पर बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की जिसमें माताओं एवं बहनों की पीढ़ा को समझते हुए प्रति गणवेश की सिलाई के लिये 80 से 85 रू. दिये जाने के लिए निर्देशित किया। जिससे प्रदेश की सभी माताऐं बहनें आर्थिक रूप से सक्षम होकर अपने परिवार का भरण पोषण उचित ढंग से कर सकें।

## दो जनपदों में 3505 परिवारों का हुआ सर्वे

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए सर्वे कार्य किया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान योजना के क्रियान्वयन में आने वाली सम्भावित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद 25 मार्च से जिले में शिविर आयोजित होंगे। खरगोन और कसरावद जनपद में आज 3505 परिवारों तक सर्वे दलों ने अपनी पहुँच बनाई है। जबकि 3876 महिलाओं के बैंक खातों की ई-केवायसी कराई गई है। इसके अलावा खरगोन में 23 और कसरावद में 42 नए बैंक खाते खोले गए। वही खरगोन में 23 महिलाओं के व कसरावद में 35 महिलाओं के आधार से मोबाइल नम्बर जोड़े गए हैं। अन्य जनपदों में जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

### होली के रंग में खाकी हुई रंगीन

## पुलिस लाईन में जमकर थिरके पुलिसकर्मी, एसपी-कलेक्टर भी हुए शामिल



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पांच दिनी होली पर्व के रंग में रंगने से खाकी भी खुद को नहीं रोक पाई जिन्होंने होली के तीसरे ही दिन खुद को होली के रंगों से रंग लिया। इस दौरान होली के गीतों पर पुलिसकर्मी जमकर थिरके। जिनके उत्साह को और बढ़ाया पुलिस कप्तान और जिले के कप्तान ने जिन्होंने इन पुलिसकर्मियों को पर्व की शुभकामनाएं दी।

वैसे हर बार रंगपंचमी पर ही पुलिस की होली होती है, लेकिन गुरूवार को शहरवासी अपनी मस्ती में मस्त थे और माहौल भी होली के अनुरूप ही था, जिसके चलते गुरूवार को ही खाकी पर होली का रंग चढ़ गया जो इस कदर चढ़ा कि सभी इस रंग में डूबे नजर आए। हालांकि इस दिन भी पुलिसकर्मियों ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। इसके बाद दोपहर में सभी पुलिसकर्मी पुलिस लाईन में जमा हुए जिसके बाद शुरू हुआ होली मनाने का सिलसिला। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल से नहलाया तो पानी की बौछारों से भी पुलिसकर्मियों ने होली का पर्व मनाया। होली मनाने में सभी पुलिसकर्मियों को कलेक्टर दिनेश जैन, एसपी जगदीश डावर, एएसपी टीएस बघेल, टीआई एके शेषा ने भी रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

# सांसद के प्रयासों से साबरमती एवं ओवरनाइट का शहर में हुआ स्टॉपेज

## - शहरवासियों को मिलेगी सुविधा, सांसद का माना आभार



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने होली पर्व पर क्षेत्रवासियों को दो ट्रेनों की सौगात दी है। लंबे समय से कालापीपल क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की जा रही जबलपुर इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस एवं शाजापुर में साबरमती एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग को मंत्रालय ने स्वीकार करते हुए होली के दिन पत्र जारी कर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी को इसकी जानकारी दी। पत्र जारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और क्षेत्रवासियों ने सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी के प्रयासों से मिली इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते किया है।

सांसद श्री सोलंकी के प्रयासों से पूर्व में भी शुजालपुर में ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज हो चुका है। साथ ही कालापीपल में ओवरनाइट एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए शाजापुर साबरमती के स्टापेज के लिए श्री सोलंकी कई बार रेल मंत्री श्री अश्विन वैष्णव से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंप चुके थे।

### जल्द होगा अन्य ट्रेनों का भी स्टॉपेज

सांसद श्री सोलंकी शाजापुर एवं देवास लोकसभा क्षेत्र की अन्य स्टॉपेज के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। चर्चा के दौरान श्री सोलंकी ने बताया कि अन्य सभी यात्री ट्रेनें भी जल्द ही सामान्य रूप से बहाल हो जाएंगी। जिसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। जहां जहां अधिक समस्या आ रही थी वहां तत्काल राहत के लिए अभी कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज किया गया है। शेष अन्य ट्रेनें भी शाजापुर सहित अन्य स्थानों पर विधिवत पूर्ववत ही रुकें इस हेतु मेरे प्रयास जारी हैं।

# कंकरीली भूमि और कम पानी को ही किसान ने अपनी ताकत बनाई

## कम लागत वाली फसल लगाकर कमाया भरपूर मुनाफा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिस्टान क्षेत्र में सेजला के किसान नेपालसिंह चौहान ने अपनी जमीन की कमजोरी को ताकत मानकर खेती करते हुए लगातार मुनाफा ले रहे हैं। एक तो उनके पास 4 एकड़ भूमि वो भी कंकरीली और दग्गड़ों से भरी हुई। ऊपर से पानी की भी कमी। फिर भी उन्होंने ऐसे हालात में खेती नहीं छोड़ी और लागत से अधिक मुनाफा लिया है। नेपालसिंह बताते है कि ऐसी भूमि होने के बावजूद वो करीब करीब 7 वर्षों से आधी भूमि में अरंडी और बाकी की भूमि में मक्का, गेंहू और कुछ सब्जियों के साथ खेती कर रहे हैं। इस बार 2 एकड़ में 12 क्विंटल अरंडी उपजा चुके हैं जबकि अभी फल आये हुए हैं। इससे पहले 2021-2022 में उन्होंने 20 क्विंटल तक अरंडी उपजाई है। वो बताते हैं जबकि इसमें लागत कुछ भी नहीं।

### 40 हजार रुपये के अनुदान पर ट्यूबवेल मिला

पारम्परिक खेती करने वाले नेपालसिंह को कृषि विभाग से नलकूप योजना में 8 वर्ष पर अनुदान पर ट्यूबवेल मिला था। लेकिन पानी कम होने से पूरा प्रबंधन योजना के साथ करते हैं। नेपालसिंह ने कहा कि ग्राम सेवक ने आज से करीब 7-8 वर्ष पूर्व ट्यूबवेल की योजना के बारे में बताया था। नलकूप खनन योजना में प्रकरण बनाया और ट्यूबवेल से कुछ हद तक पानी की जुगाड़ तो हो गई लेकिन पर्याप्त नहीं होने के कारण वे दोनों सीजन में अरंडी की खेती करते हैं। उनका कहना है कि मजदूरी से अच्छा तो अपने ही खेत में खेती करना। अरंडी से हर बार उनको लागत से अधिक मुनाफा होता है।



### दुनिया में सबसे अधिक अरंडी का उत्पादन भारत में

अरंडी के तेल का कई मायनों में महत्वपूर्ण उपयोग होता है। साथ ही इससे बनी खली का उपयोग जैविक खाद के तौर पर भी किया जाता है। हमारे देश में गुजरात और हरियाणा में प्रमुखता से इसकी खेती की जाती है। अखाद्य तिलहनी फसलों में इसमें सबसे कम लागत और मुनाफा डेढ़ गुना होता है। भारत विश्व मे सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश है। अरंडी का उपयोग साबून के अलावा पेंट, पॉलीमर, नायलॉन, रबर, केमिकल, सरफेस कोटिंग, टेलीकॉम, इंजीनियरिंग प्लास्टिक आदि में होता है।

हितग्राही- नेपालसिंह चौहान

# अग्निवीर भर्ती रैली के लिए आवेदन 15 मार्च तक

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अग्निवीर भर्ती रैली के लिए इस वर्ष आयोजित होने वाली रैली की अधिसूचना प्रकाशित की गई है और Join Indian Army की साईट www.joinindianarmy.nic.in पर देखी जा सकती है। सभी इच्छुक उम्मीदवार अग्निवीर रैली के लिए ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन 15 मार्च तक कर सकते है। ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन 15 मार्च की रात्रि 12 बजे तक खुला रहेगा।

इस वर्ष से भर्ती नई प्रक्रिया के तहत होगी। रेजिस्ट्रेशन के बाद आगामी अप्रैल से मई 2023 के बीच ऑनलाइन परीक्षा होगी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को ही शारीरिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। इस अधिसूचना के साथ वूमैन मिलिट्री पुलिस, नर्सिंग सहायक व वैटनरी एवं सिपाही फारमा की अधिसूचनाएं प्रकाशित हो चुकी है और ऑनलाइन रेजिस्ट्रेशन 15 मार्च तक खुला रहेगा। आवेदक को यदि आवेदन में किसी भी प्रकार की कठिनाई आ रही हो तो वेबसाइट पर दी गई वीडियो को देखकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है।

# देवास जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यवाही लगातार जारी, खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को जांच के लिए भेजे





**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत एक सप्ताह से लगातार कार्यवाही जारी है। अभियान के अंतर्गत श्रीमती निर्मला सोमकुंवर अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला देवास की टीम के साथ श्री सुरेन्द्र ठाकुर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा फर्म- दौलत मिल्क सेंटर नेवरी फाटा तहसील सोनकच्छ का निरीक्षण कर दूध एवं घी के नमूनें तथा फर्म- न्यू महावीर डेरी रोलू पिपल्या तहसील सोनकच्छ जिला देवास का निरीक्षण कर दूध, पनीर एवं हाइड्रोजन परॉक्साइड़ के नमूने लिये गये, परिसर में संग्रहित पाया गया लगभग 2 लीटर हाइड्रोजन परॉक्साइड अपद्रव्य जब्त किया गया।

श्रीमती वर्षा व्यास खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा तहसील हाटपिपल्या से फर्म- राजा दूध डेरी नेवरी से दूध एवं घी और प्रभु दूध डेरी चापड़ा रोड़ हाटपिपल्या से घी एवं दूध तथा पटेल स्वीट्स एण्ड डेरी नेवरी बागली मार्ग हाटपिपल्या से मीठा मावा के नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गयें। नमूना जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जावेगी। मिठाई एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ शुद्ध एवं ताजे निर्माण कर ही विक्रय करें। सभी खाद्य कारोबारकर्ता दुग्ध संग्रहण केन्द्रों एवं चिलिंग सेंटर, फेरी से खाद्य पदार्थ विक्रेता/दूध विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य लायसेंस/पंजीयन लेकर ही व्यापार करें, बिना खाद्य लायसेंस/पंजीयन के व्यापार करते पाये जाने पर अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जावेगी। मिलावट से मुक्ति अभियान की कार्यवाही सतत् जारी रहेगी।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया भाईदूज पर्व कलम दवात की पूजा कर भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की



**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड/ आशीष पंचोली।** हिंदू धर्म एवं पंचांग के अनुसार, चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को होली भाई दूज पर्व मनाया जाता है। इस दिन कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने का विधान है। इस दिन बहन अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं। जहां भाई बहन की रक्षा का वचन देता है, वहीं बहन भाई को तिलक करती है।

प्रतिवर्ष होली-धुलेंड़ी के अगले दिन यानी चैत्र कृष्ण द्वितीया को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। इस वर्ष भगवान चित्रगुप्त का पूजन गुरुवार को कायस्थ समाज के परिवारों द्वारा किया गया इस दिन भगवान चित्रगुप्त की कृपा पाने के लिए उनका पूजन करके उनके मंत्रों का जाप करना लाभदायी होता है। उनके मंत्रों का 108 बार जाप करना अतिशुभ माना गया है।

भगवान चित्रगुप्त पुण्य पाप के लेखक है, उनके हाथों में कर्म की किताब, कलम, दवात और करवाल है। वे कुशल लेखक हैं और उनकी लेखनी से अपने-अपने कर्मों के अनुसार सभी जीवों को न्याय मिलता है। आइए जानते हैं भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने के फायदे और उनके मंत्र भी-

होली के ठीक बाद आने वाली दूज के दिन यानी जिस तरह दीपावली के समय बहन भाई को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना करती हैं, उसी तरह होली के अगले दिन भाई को तिलक लगाकर होली दूज का त्योहार मनाया जाता है। भाई दूज पर तिलक लगाने की परंपरा होती है।

शास्त्रों में मान्यता है कि होली के अगले दिन भाई को तिलक करने से उसे सभी संकटों से बचाया जा सकता है। अतः इस दि शुभ मुहूर्त में बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं तथा भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। इसे भ्रातृ द्वितीय के नाम से भी जाना जाता है।

# लाडली बहना योजना लागू होने पर मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के साथ भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियो द्वारा मुख्यमंत्री शिवराजसिह चौहान को नगर निगम परिसर मे एकत्रित होकर प्रदेश मे महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना लागू की गई जिसमे महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रतिमाह योजना के अन्तर्गत नियमानुसार प्रदान किये जावेगें जिससे महिलाएं लाभान्वित होने पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा पटाखे चलाकर एवं मिठाई बांटकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के साथ भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी,भाजपा जिला मंत्री विनिता व्यास, महिला मोर्चा की महामंत्री वीणा महाजन, मंडल अध्यक्ष नितू जाधव, मधु शर्मा, ममता मोदी, मनोरमा सोलंकी, मोनिका शर्मा, माया तिवारी, प्रिया शर्मा मिना भावलकर आदि सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण उपस्थित रहीं साथ ही विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, प्रवीण वर्मा, राज वर्मा, मुकेश मोदी, बाबु यादव एवं संजय यादव के साथ लाडली बहना योजना लागु करने पर मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए उपस्थित सभी महिला पदाधिकारीगणो को भी शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान और कल्याण हेतु लिये अनेक निर्णय

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की सभी माताओं-बहनों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा है कि ÷अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों को 7 दिवस का अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश देने के साथ बहन-बेटियों के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लिये हैं। कक्षा 10वीं के बाद उच्चतर, माध्यमिक एवं कॉलेज में बेटियों को वित्तीय साक्षरता के लिये पाठ पढ़ाया जायेगा, जो महिला उन्मुखी होगा। उन्होंने कहा कि माता, बहन और बेटियों का उत्थान ही मेरे जीवन का प्रमुख ध्येय है। नारी शक्ति के सशक्तिकरण में ही प्रदेश और देश का उत्थान निहित है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाएँ आज हर कार्य-क्षेत्र में कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं।

# कलेक्टर ने देवास जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर नलकूप खनन किया प्रतिबंधित

**››आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाही››कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषित नलकूप योजना में किए जाने वाले नलकूप प्रतिबंध से रहेंगे मुक्त**

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास जिले में भूमिगत जलस्तर में लगातार कमी होने एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में और अधिक पेयजल की कमी व लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए मध्य प्रदेश जल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा-3 के तहत सम्पूर्ण देवास जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर नलकूप खनन प्रतिबंधित किया है। यह आदेश 30 जून 2023 तक अथवा वर्षा में विलंब हुआ तो वर्षा प्रारंभ होने तक लागू रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अर्थदंड की कार्यवाही की जायेगी। जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित होने के कारण जिले के समस्त सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों से कोई भी व्यक्ति सिंचाई, औद्योगिक प्रयोजन, किसी अन्य प्रयोजन के लिए जल का उपयोग बिना अनुमति नहीं करेगे। नलकूप खनन एवं निजी नल कनेक्शन का कार्य बिना अनुमति नहीं किए जाए। विशेष परिस्थितियों में निजी नलकूप खनन एवं निजी नल कनेक्शन की विधिवत अनुमति के लिए आवेदन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्धारित प्रारूप में मय चालान फीस बैंक में जमा कर प्रस्तुत किए जाएंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत संचालित राज्य पोषित नलकूप योजना अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

## रंगो की अपनी दुनिया

*रंगों की अपनी दुनिया है*
*देते सबको यह संदेश ,*
*राग द्वेष भुलाकर सब*
*सजाते है नया परिवेश ।1*
*श्वेत रंग है जहां अपना*
*सारे रंगो का ही सार है,*
*सात रंग ही समाहित है*
*यही हमारा सौर संसार है।2*
*श्याम रंग में नहीं है*
*कोई भी अपना का रंग,*
*सब साथ छोड़ चुके हैं*
*कोई ना अपने साथ संग ।3*
*केसरिया भगवा है त्याग का*
*आदि शंकर से विवेक का ,*
*शिवा,महाराणा के तेज का*
*उत्साह झलकाता है प्रत्येक का ।4*
*लाल रंग श्री पूजित है*
*जिसमे होता श्री का वास,*
*महालक्ष्मी स्वयं विराजे जहां*
*नित्य प्रति होता श्री निवास ।5*
*पीत रंग धर्म संस्कृति का*
*जहां हरदम पलता समभाव ,*
*धर्म विज्ञान की रेखा जिसमे*
*वहीं है यह तारण सद्भाव ।6*
*गुलाबी रंग में है*
*सम्मान समस्त नारी का ,*
*साथ देती है जब किसी का*
*डोलता सिंहासन त्रिपुरारी का 7*
*कृषि प्रधान है देश मेरा*
*हरित रंग पहचान हरियाली का,*
*भरण पोषण करता जो विश्व का*
*रंग भर देता चहुओर खुशियाली का।8*
*नीला रंग पृथ्वी का*
*जल धारा ही चहुओर है ,*
*जल बिन सब सुन है*
*जल से ही सर्वत्र शौर है ।9*
*चाहे अलग अलग है*
*सबके अपने अपने रंग,*
*खुशियां ही खुशियां रहे*
*सबमें रहे आनन्द उमंग ।10*
*विविध रंगों में होकर भी*
*एकता का देते यह संदेश ,*
*भारत भूमि त्याग की धरा*
*अनुपम अनूठा मेरा भारत देश ।11*

***-पं.रामगोपाल शर्मा गुरुजी***

## लोकराग रसिया में होली

*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन चल रही पिचकारी ।।*
*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल ----*

*ग्वाल बाल सब रंग रँगीले धरें स्वाँग भारी ।*
*उनके बीच कन्हैया हँस रहे दै दै किलकारी ।।*
*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन-------*

*मोबाइल पै मेसेज*
*पढ़ पढ़ निकरीं ब्रजवारी ।*
*बोल रहीं जा जुग में लल्ला भूले टिटकारी ।।*
*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन- -------------*

*लएँ गुलाल गोपियाँ सँग में राधा रतनारी।*
*कोरी देख श्याम की तन रही ठाड़ी पिचकारी ।।*

*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन-----------।*
*भरी धरी पिचकारी मारी दै दै दचका री।*
*सूखी गीली गच्च हो गयी छूटी सिसकारी ।।*

*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन--------------*
*बाँध मिसमिसी टूट परीं सब पकरे बनवारी ।*
*मल रहीं लाल गुलाल गाल पै गाल धरैं हारी ।।*
*होरी खेल रहे घनश्याम दनादन चल रही पिचकारी ।*
*चल रही पिचकारी दनादन --------------*

***- गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण***

# ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे 7 दिन में पूरा करें : मुख्यमंत्री चौहान

**10 दिन के भीतर बाँटें राहत राशि ››मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विकास यात्रा का लिया फीडबेक**



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ओलावृष्टि से नुकसान का सर्वे 7 दिन में पूरा करें और 10 दिन के भीतर राहत राशि बाँटना शुरू की जाए। फसल क्षति सर्वे का कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से किया जाये। फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की पूरी कार्यवाही गंभीरता से हो। खरीफ फसलों के लिए खाद का अग्रिम भंडारण करें। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय में असुविधा नहीं होना चाहिए। साथ ही भुगतान समय पर सुनिश्चित हो। ग्रीष्मकाल में पेयजल की व्यवस्था बेहतर एवं सुचारू बनी रहे। प्रतिदिन जल प्रदाय हो, जहाँ पेयजल परिवहन की व्यवस्था करना है, उसकी भी तैयारी अग्रिम रूप से कर लें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज देर रात निवास कार्यालय में विकास यात्रा के फीडबैक संबंधी बैठक को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मंत्रीगण, विधायक, जन-प्रतिनिधि और जिलों के प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्राएँ व्यवस्थित और अभूतपूर्व तरीके से हुई हैं। यात्राओं में सरकार के साथ समाज भी जुड़ा। सभी 230 विधानसभाओं में यात्राएँ हुई। सभी ओर यात्रा की प्रशंसा हुई है। कलेक्टर्स ने कई नवाचार किए हैं। यात्रा का स्वरूप अद्भुत था। मुख्यमंत्री ने यात्रा की सफलता के लिए सभी को बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यात्रा का फॉलोअप हो। इस दौरान जो कमी मिली हो उसे पूरा किया जाये। शेष रहे कार्यों को भी पूरा करें। यात्रा तभी परफेक्ट होगी जब जीरो डिफेक्ट होगा। यात्रा की रिपोर्ट भेजी जाए, जिससे कमियों को पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो बहनों की जिंदगी बदलने में मील का पत्थर साबित होगी। बहने योजना के लाभ से वंचित नहीं रहें। प्राण-प्रण से योजना का लाभ दिलवाने में जुट जाएँ। गाँव और वार्ड में पहुँचकर बहनों के आवेदन भरवाए जाएँ। बहनों को कोई असुविधा नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस बार गेहूँ उत्पादन अच्छा होने की संभावना है। किसानों के हित में समर्थन मूल्य पर गेहूँ के उपार्जन की व्यवस्थाएँ अच्छी हों। उपार्जन व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें।

### ओलावृष्टि और असमय बारिश से प्रभावित किसान चिंता न करें - मुख्यमंत्री

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में पिछले दिनों कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और असमय की बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। तत्काल सर्वे के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर्स से भी चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जहाँ नुकसान हुआ है उन सभी जिलों के प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे का काम चल रहा है। किसान भाई-बहन चिंता न करें, सरकार उनके साथ है। सर्वे के बाद जल्द से जल्द आरबीसी 6/4 में राहत राशि और फसल बीमा की राशि का लाभ मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास जारी हैं।

### दोनों हाथ न होने के बावजूद आँगनवाड़ियों के दो सेक्टर का काम संभाल रही है बेटी संतोष - मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में समाज की तरफ से कई प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं। ऐसे कार्यों के जब समाचार मिलते हैं तो स्वाभाविक रूप से मन में सुखद अनुभूति और प्रसन्नता होती है। राजगढ़ जिले की खिलचीपुर के महिला-बाल विकास कार्यालय में सुपरवाईजर के पद पर पदस्थ बेटी संतोष चौहान, महिलाओं के लिए प्रेरणा और उदाहरण बन गई है। दोनों हाथ न होने के बावजूद वे आँगनवाड़ियों के दो सेक्टर और 128 केन्द्रों का दायित्व बेहतर तरीके से निभा रही हैं। जरूरत पड़ने पर गाँव का दौरा कर, समस्याओं का निराकरण भी करती हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पौध-रोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह जानकारी दी।

# पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता लाना जरूरी -मुख्यमंत्री श्री चौहान

**पेसा समन्वयकों से की वर्चुअल चर्चा**



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा नियम के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। पेसा समन्वयक मुस्तैदी से कार्य करें। जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों को पेसा नियम की पूरी जानकारी हो। प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में पेसा समन्वयकों से वर्चुअल चर्चा कर रहे थे। जिला पंचायत सीईओ, पेसा नियम के जिला एवं ब्लॉक समन्वयक वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। पेसा समन्वयक और मोबलाइजर की बड़ी जिम्मेदारी है कि जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए पेसा नियम की जानकारी उन तक हर हालत में पहुँचे। जिला प्रशासन दायित्व का निर्धारण करे और समन्वयकों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभिन्न समितियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। पेसा नियम को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन, पेसा समन्वयक एवं मोबलाइजर टीम भावना के साथ कार्य करें।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान 10 मार्च को शिवपुरी में पर्यटन संवर्धन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माधव राष्ट्रीय उद्यान सहित शिवपुरी में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की पर्याप्त संभावनाएँ विद्यमान हैं। उद्यान में प्राकृतिक बाघों का समृद्ध इतिहास रहा है। बाघों के पुनर्स्थापन से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ने से रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 10 मार्च को शिवपुरी में लाड़ली बहना संवाद और पर्यटन संवर्धन कार्यक्रम के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन हुई बैठक में अपर मुख्य सचिव वन श्री जे.एन. कंसोटिया, वन बल प्रमुख श्री आर.के. गुप्ता उपस्थित थे। शिवपुरी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक वर्चुअली शामिल हुए।

**लाड़ली बहनों से करेंगे संवाद**

जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री श्री चौहान माधव राष्ट्रीय उद्यान में 3 बाघों को छोड़ेंगे और टाइगर मित्रों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान पोलो ग्राउण्ड पर होने वाले कार्यक्रम में लाड़ली बहनों से भी संवाद करेंगे। लगभग 270 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। केन्द्रीय विमानन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित क्षेत्र के जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## अपवित्र छांव [ लघुकथा ]

*नकूल की यह यादें समाज के तथाकथित सभ्य समाज के उत्कर्ष मानें जाने वाले लोगों के लिए एक सही रूप में एक बड़ा तमाचा है।बात पांच दशक पूरानी है। प्रदेश के सुदूर पूर्व में एक छोटा सा गांव नरोत्तमपुर की यह एक सच्ची दास्तान है।नकूल छठी वर्ग का विधार्थी था। स्कूल में अधिकांशतः वंचित समाज के बच्चे ही पढ़ते थे। स्कूल प्रबंधन को सरकार द्वारा सभी नियुक्त शिक्षकों के आचार- विचार की शिकायते मिलती रहती थी। परन्तु उपर तक लम्बी पहुंच रखने वाले लोगों की भरमार थी।इस कारण उन तमाम बुद्धिजीवियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो पाती थी।गांव के इस स्कूल में नजदीक के ग्राम के शिक्षक गण ही शिक्षक हुआ करतें थे।स्कूल के प्रांगण में तथाकथित सभ्य समाज के उच्च वर्ग से सम्बद्ध शिक्षकों के द्वारा इस तरह का सामाजिक ताना-बाना बुना गया था कि गरीब और वंचित समाज के बच्चों को इस कच्ची उम्र में ही वह सब देखने को मिला जो उनके लिए इस उम्र में इस तरह के सामाजिक भेदभाव को समझपाना मुश्किल था।परन्तु सामाजिक परिस्थितियां और घर की स्थितियां कच्ची उम्र में ही सबकुछ समझने और समझाने की ताक़त दें जाती है। ऐसा ही गांव के एक छात्र नकूल के साथ ही हुआ।एक साधारण से किसान का बच्चा नकूल को स्कूल के तथाकथित सभ्य समाज के बौद्धिक संपदा से परिपूर्ण शिक्षकों की हरकतें समझने में देर नहीं लगी।ऐसा दृश्य नकूल ने दस वर्ष की अवस्था में सुना भी नहीं था।फिर अपने घर से स्कूल आने वाले रास्ते पर उसके वर्ग के शिक्षक नवीन आचार्य का घर पड़ता था।आचार्य के घर पर सटे कुएं से निकाल कर रखीं हुई पानी भीनकूल के उस रास्ते से गुजरने पर अपवित्र हो जाती थी।डांट-फटकार कर नकूल को स्कूल के लिए उसके गांव से निकलने वाली संकीर्ण रास्ते से आने की सख्त हिदायत दी गई।बच्चों का हृदय तों पवित्र होता है।फिर बच्चे के मन से कारण जानने की उत्सुकता पैदा हो गई।फिर नकूल ने शालीनता से आदरपूर्वक अपने शिक्षक से एक गम्भीर प्रश्न पूछ ही लिया,श्रीमन क्यों ?अरे नकूल तूं तो बड़ा ढीठ हो गया है !अपने शिक्षक से मुंह लगाता है, तुझे नहीं पता है कि कुएं के पानी से मुझे स्नान करके समय पर स्कूल जाना पड़ता है।तुम्हारे कारण मेरे बाल्टी में रखीं हुई पानी को अपवित्र हो गई है।इस कारण मुझे पुनः शुद्ध पानी से स्नान करना पड़ा।तभी नकूल का कोमल मन ने एक प्रश्न दाग दिया।वह कैसे श्रीमन ?नकूल तूं तो अब अपनी जवान बड़ी तेज़ चलाने लगे हो।तुम नहीं समझते, तुम्हारे गुजरने से कुएं पर रखीं हुई बाल्टी का पानी तुम्हारे छांव से अपवित्र हो गया।तुम इस रास्ते से स्कूल आओगे तो मुझे फिर अपवित्र पानी से ही प्रतिदिन स्नान करनी होगी।समझें मुर्ख,तुम लोगों को तो समझाना ही मुश्किल है।तुम सब लोग अनपढ़ और गंवार हो,कैसे तुम्हें समझाऊं ?नकूल अपने शिक्षक की इस प्रताड़ना को याद करते हुए बड़ा भावुक हो आज़ अपने मित्रों के समक्ष कहता है कि वह क्या जमाना था ?कैसी सामाजिक व्यवस्था थी ।छांव मात्र से पानी का अपवित्र हो जाने की घटना आज भी तथाकथित सभ्य समाज के लोगों का परिचय कराती दिखती है।नकूल के साथ घटित बचपन की यह दास्तान आज़ भी सुदूर क्षेत्रों में बड़ी मजबूती से आहट दें रहीं हैं जिसकी गुंज कब लोगों को सुनाई देंगी की हम सबको अब मिलकर प्रतीक्षा ही करनी होगी।*



***-डॉ. अशोक, पटना,बिहार।***

# प्रशंसकों से मुलाकात के दिल को छू लेने वाले पल!

**जीएनएस।** का बेइंतहा प्यार कलाकार को मशहूर बना देता है। और प्रशंसकों से मिलना कलाकार के लिये अक्सर जीवनभरयाद रहने वाला अनुभव बन जाता है। मुंबई से बाहर अपने हाल के दौरे में एण्डटीवी की लीड एक्टर्स कामना पाठक, राजेशसिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन' और विदिशा श्रीवास्तव, अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं' ने अपने प्रशंसकों के साथ दिल को छू लेने वाले पल बिताए हैं। राजेश सिंह की भूमिका निभा रहीं कामना पाठक ने कहा, ''हर एक्टर के फैन्स होते हैं और यही फैन्स एक्टर को मशहूर बनाते हैं। मुझे लगता है कि एक कलाकार तब कामयाब होता है, जब लोग उसे उसके किरदार से पहचानते हैं। मुझे खुशी होती है, जब लोग मुझे राजेश या कभी-कभी दबंग दुल्हनिया कहते हैं। मेरे शो 'हप्पू की उलटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है। लेकिन मैं इस शो से मिली फैन फॉलोइंग के लिये हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी। मैं जब भी जाती हूँ और कोई मुझे मेरे किरदार के नाम से बुलाता है, तब मुझे सबसे ज्यादा खुशी होती है। हमारे प्रशंसक जो प्यार देते हैं, वह बेजोड़ है और कभी-कभी उनके जेस्चर मुझे भावुक कर देते हैं और यादगार बन जाते हैं। जैसे कि मैं हाल ही में अपने होमटाउन इंदौर गई थी, क्योंकि मुझे महाशिवरात्रि के दौरान उज्जैन में महाकाल का आशीर्वाद लेना था। मशहूर सर्राफा बाजार में घूमते हुए, मेरे पास कई बच्चे आए और मुझे राजेश कहने लगे। उन्होंने यह भी पूछा कि हप्पू जी कहाँ हैं?

और मैंने जवाब दिया कि हप्पू जी न्योछावर लेने में बिजी हैं (हंसती हैं)। उस यात्रा के दौरान दो महिलाओं ने आकर मुझे बहुत कसकर गले लगा लिया और उनमें से एक ने पूछा कि ये 9 बच्चों को कैसे संभाल लेती हैं आप? हमसे तो दो नहीं संभाले जाते, और यह बात बड़ी मजेदार थी। महाकाल दर्शन के दौरान भी हमारे पंडित जी ने मुझे कामना के बजाए राजेश कहकर पुकारा, जिससे मैं खुश हो गई और मुझे लगा कि मैं कामयाब हूँ। आपके होमटाउन के लोग अगर आपको आपके किरदार से पहचानें, तो बहुत खास लगता है। राजेश के रूप में मुझे इंदौर और उज्जैन के लोगों से जो प्यार और सराहना मिली है, उसकेलिये मैं कितना भी शुक्रिया करूं, वह कम है।''अनीता भाबी की भूमिका निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''प्रशंसक हर एक्टर की जिन्दगी का अटूट हिस्सा होते हैं,क्योंकि वे ही हमें बनाते या बिगाड़ते हैं। उनके कारण ही आज हम इस मुकाम पर हैं। प्यार जताने, फीडबैक देने और समीक्षाकरने के लिये उनके तरीके अलग-अलग होते हैं। ऐसा ही एक पल, जो अपने हाल के वाराणसी दौरे में मुझे स्पष्ट रूप से यादहै, वह दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती के लिये तैयार हो रहे एक नये-नये शादीशुदा कपल का है। दुल्हन ने मुझे देखा और तुरंत दूल्हे के साथ दौड़कर मेरे पास आई और अपने सबसे यादगार दिन पर आशीर्वाद देने के लिये कहा। उनसे ज्यादा आश्चर्य और सुखद अनुभव मुझे उनके जेस्चर से हुआ। एक पल के लिये मुझे लगा कि मैं उनकी शादी में मेहमान हूँ। वह नया कपल मेरे साथ तस्वीरें खिंचाकर खुशी से फूला नहीं समा रहा था और मेरी हालत भी वैसी ही थी। मैं कबीर चैरा में अपने पुराने घर भी गई थी और कुछ पुराने पड़ोसियों और छोटे बच्चों को मुझे अनीता भाबी कहकर पुकारते देख बहुत खुश हुई। सच कहूं, तो ऐसेपल एक्टर की जिन्दगी में असाधारण होते हैं। मेरे काम के लिये इतना प्यार और प्रशंसा पाकर बहुत सौभाग्यशाली महसूस करती हूं।''

**देखिये 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर!**








## बुरा न मानो होली है

*अच्छा बताओ बुरा क्यों न मानें,*
*भृकुटि क्यों न तानें,*
*लंपट, लफंगों वाला हर काम*
*सिर्फ इसी दिन होता है,*
*जिन्हें चेतनावान होना चाहिए*
*वो चेतनाहीन हो सोता है,*
*महिला को खुशी खुशी जलाना*
*इसी दिन होता है,*
*लिच्चड़ मानव महिला दिवस के लिए*
*भी जुमले ढोता है,*
*बुरा तो मानना पड़ेगा भाई,*
*क्या कभी किसी पुरूष को जलाने के लिए*
*किसी दिन लोगों ने की ढिठाई,*
*कभी बांटे मिठाई,*
*जब कर्म बुरा है तो*
*फिर अनुमति देता धर्म कैसे सही,*
*ठेकेदार तो हर कुकर्म को*
*आराम से ठहरा देता है सही,*
*जो गलत है वो गलत ही रहेगा,*
*मत सोच कोई क्या कहेगा,*
*बुराई का प्रतीक*
*असहाय, अबला होलिका नहीं,*
*कहीं न कहीं कुकर्मियों की मानसिकता*
*प्रचंड है रही,*
*जलाने का इतना ही शौक है तो*
*अपनी बेटियों को जलाकर देख,*
*सारी कवायदें धरी रह जाएगी*
*जब बेटी पर लिखोगे सुलेख,*
*गलत तर्कों की ओर मुझे नहीं जाना,*
*गलत को किसी त्यौहार के रूप में क्यों मनाना।*



***-राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.***

## मोहब्बत-नामा

*शहर की सबसे व्यस्त गली,*
*प्रभाती किरण सुनहली।*
*मै घूम रहा था मेरी मस्ती,*
*कि तनिक मंद बयार चली।।*

*सहसा हुई अनिमेष नजर,*
*इक कचरे के ढेर पर।*
*शोणित से सने शब्द थे,*
*एक रंगीन पेज पर।।*

*रक्त की स्याही से लिखा राज था,*
*वक्त की बेरुखी से नाराज था।*
*वह तितली जैसा रंग बिरंगा,*
*किसी के दिल की आवाज था।।*

*फुर्ती से मैने उसे उठाया,*
*चाहत के भावों को सलाम लगाया।*
*पूछा, हुई कैसे यह दशा तुम्हारी,*
*उसने कच्ची मिट्टी का नाम बताया।।*

*था प्यार भरा वह खत अनाम,*
*मिठास भावों की भरी तमाम।*
*न भंवरे के थे कही निशान,*
*न किसी तितली का नाम।।*

*हुआ स्पंदन दिल में रसीला,*
*पत्र पढ़ने को मन शर्मिला।*
*आया समीर का फिर इक झोंका,*
*उड़ा गया वह पेज सजीला।।*

*गैरों की कोई सुने क्यों धड़कन,*
*थी विधि को इसमें भी अड़चन।*
*गया वही फिर आया जहां से,*
*हुई पुनः कचरे में खडकन।।*

***- मनोज बाबू , झूंठा (पाली)***

## नया साल

*शुक्ल पक्ष चैत्र प्रतिपदा पर,*
*नव वर्ष मनोहर आता है।*
*हर ओर होता नया नया,*
*जब हरेक जीव मुस्काता है।।*


*अभी थर थर तन कांप रहा,*
*हर जन अलाव से ताप रहा।*
*धुंध गिर रही है सुबह शाम,*
*सूरज जल्दी में भाग रहा।।*

*ठंडी की है ये रीत देखिए,*
*सब पेड़ पौधे सुस्त देखिए।*
*फूल नहीं खिलते ढंग से,*
*सहमा सा ये मौसम देखिए।।*

*महकता जब बसंत आएगा,*
*उमंग उत्सव संग लाएगा।*
*ढोल ढप मृदंग जब गुजेंगे,*
*उड़ता फागुन रंग जाएगा।।*

*मन भाए फूलो की डलियां,*
*हर तरफ चटकेगी कलियां।*
*सोंधी सोंधी महक उड़ेगी,*
*महकेगी गांव की गलियां।।*

*वन उपवन तन खिल उठेंगे,*
*धरे पेड़ टेसू रूप नया।*
*हो धरा मनोहर सजी धजी,*
*मनाओ सखा तब साल नया।।*



***- मनोहर सिंह चौहान मधुकर***

## पूर्णिका

*ये नजारे ये मोसम सारे बदल गए।*
*तुम क्या गए की कितने जमाने बदल गए।।*

*जहां रात दिन कलरव करते थे पंछी।*
*अब नजर नही आते ठिकाने बदल गए।।*

*याद आता है रूठना फिर मनाना।*
*वो पल बहुत प्यारे सुहाने बदल गए।।*

*वो हसी मोज मस्ती होली की धमाल।*
*पुराने सखी नाच गाने बदल गए।।*

*महोब्बत तब थी दिलवर अब भी है।*
*अब इस महोब्ब्त के पैमाने बदल गए।।*

*आंख में छलकता था प्यार सबके बशर।*
*अब नही है वो सब दीवाने बदल गए।।*

*तेरी याद नही बदली न हम बदले।*
*ज्यो ज्यो बिता वक्त मनहर माने बदल गए।।*

***- मनोहर सिंह चौहान मधुकर***



## महके खुशी गुलाल

*अपने लगते अजनबी ,सपने हुए गुलाल ,*
*नकली रंगों से खफा,होलीजी इस साल।*
*रंगों की अपनी खुशी ,रंगों का उल्लास,*
*रंग अनूठे ले चली ,होली अपनों पास।*
*होली में जो भी कहे ,मत कर रंग बवाल,*
*सारे रंगों को भले ,उन सज्जन पर डाल।*
*हुई उदासी उड़न छू,छाई मस्त बहार ,*
*होली लेकर आ गई ,रंग गुलाल खुमार।*
*होलीजी को देख के ,महके खुशी गुलाल ,*
*धरती अम्बर खुश हुए ,रंग हुए वाचाल।*

***-महेंद्र कुमार वर्मा***

# आपकी कड़ी मेहनत और निडरता का और भी बड़ा प्रशंसक बन गया हूँः एंटरटेनर टूर के लिए अक्षय कुमार के साथ काम करने पर स्टेबिन बेन





**जीएनएस।** सिंगिंग सेंसेशन स्टीबिन बेन फ़िलहाल उत्तरी अमेरिका में अपने गायकी के जलवे बिखेर रहे हैं, आपको बता दें, वह अक्षय कुमार और अन्य के साथ एंटरटेनर्स टूर के लिए नार्थ अमेरिका में परफ़ॉर्मेंस टूर कर रहे हैं। अनुभव के लिए आभारी, अभिभूत स्टेबिन बेन ने सुपरस्टार अक्षय कुमार के लिए एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा।

अटलांटा, उत्तरी अमेरिका में एंटरटेनर्स टूर के प्रदर्शन के लिए अक्षय कुमार के साथ मंच से तस्वीरें पोस्ट करते हुए, स्टेबिन बेन ने कहा, ÷प्रिय ञअक्षय कुमार सर अटलांटा में आपके साथ मंच साझा करना मेरे लिए आकर्षण का केंद्र रहा! संगीत के लिए आपका प्यार और मंच पर आपकी ऊर्जा की बराबरी नहीं की जा सकती है और मैं आपके साथ इस दौरे का अनुभव करने के लिए धन्य हूं। आपकी मेहनत और निडरता का और भी बड़ा फैन हो गया हूँ! एंटरटेनर की यात्रा धमाकेदार तरीके से शुरू करने के लिए चीयर्स ! डलास तैयार रहो!

जबकि लाइव प्रदर्शन स्टेबिन बेन की विशेषता है, गायक ने पहली बार एक सेलिब्रिटी टूर के साथ कोलाबोरेट किया है। दिलचस्प बात यह है कि स्टेबिन ने अक्षय कुमार की नवीनतम फिल्म सेल्फी के लिए भी गाना गाया। 'दीवाने' नामक इस गाने में अक्षय कुमार, इमरान हाशमी और जैकलीन फर्नांडीज हैं।तू मिले की सफलता के कारण धमाकेदार शुरुआत के बाद, स्टेबिन बेन वर्तमान में दीवाने के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं और अक्षय कुमार, मौनी रॉय, दिशा पटानी, सोनम बाजवा, नोरा फतेही, जसलीन रॉयल और अपारशक्ति खुर्राना के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय दौरे में व्यस्त है।

## क्षणिका?

**तरसना**
जानवर घास को
तब से तरस गया हैं
जब से नेता उनकी घास को
समूचा चर गया हैं

**कद**
भ्रष्टाचार करके जिसने भी
अपनी पार्टी को
मालामाल किया
फिर पार्टी ने भी
उसका कद बढ़ा दिया

**स्वार्थ**
वादे और आश्वासन
उस समय हवा हो गये
जब चुनाव जीतकर नेता
अपने स्वार्थ में खो गये

**सेहत का राज**
नेताजी की सेहत का राज
कोई समझ नहीं पाते हैं
पॉच साल तक
बिना शोर मचाए
योजना? डकार जाते हैं

**प्यार जताना**
जब मुहल्ले का गुण्डा
नेता बन जाता हैं
तब पूरा मुहल्ला
उससे प्यार जताता हैं

**आस्तीन में पलना**
आज वातावरण को
वे ही गंदा करते हैं
जो आस्तीन में पलते हैं

**निराकरण**
आजकल शिकायतों का
निराकरण तभी हो पाता हैं
जब उन पर
वजन पड़ जाता हैं

**खरा उतरना**
अफसर की नज़र में
वही बाबू खरा उतरता हैं
जो अफ़सर को
लिफाफे देकर खुश करता हैं

**रमेश मनोहरा**



## मेरे लाडले

*मेरे सुने आँगन में तेरा आना*
*यूँ लगा जैसे ज़मी ने आसमान पा लिया।*
*तेरी किलकारियों से मेरे लाल*
*महक उठा मेरा घर अंगना।*
*दादा दादी का लाडला*
*चाचा और बुआ का चहेता।*
*मम्मी पापा की आँखों का तारा*
*तेरे आने से जगमगा उठा संसार सारा।*
*जन्म सिर्फ तुमने लिया बेटे*
*पर मेरा भी नया जन्म हुआ।*
*तेरा यूँ घुटनों पर चलना*
*सारे घर में दौड़ लगाना।*
*और जब तुमने पहली बार पुकारा*
*÷माँ ÷मैं तो निहाल ही हो गयी मेरे लाल।*
*तब जो ना कह सकीं आज कहती हूँ*
*तेरा जीवन में आना मेरे जीवन को पूरा कर दिया।*
*तेरा दादू की गोदी मे चढ़ कर इतराना*
*ना बोल पाने पर भी अपनी तूतली भाषा में।*
*ऊ... ऊ... करके उंगली से इशारा करना*
*और जब कोई बारात आता मोहल्ले में।*
*तो दूल्हे के ससुराल तक जाने की जिद्द करना*
*और तेरे जिद्द को पूरी करके दादू का इठलाना।*
*दादी का तेरी बार बार नजर उतरना*
*सचमुच जान बन गया था तू मेरे लाडले।*
*नाना नानी की आँखों का तारा*
*नाम तेरा ÷तेषू÷ नानी ने दिया।*
*बहुत अरमान है सभी के तुझसे*
*क्यूँकी शान है तू हम सभी का।*
*नाम रौशन करना तू मेरे लाल*
*पर सबसे पहले बनना नेक दिल इन्सान।*
*हर दिल अजीज आज भी तू है*
*हम सभी का दुलारा।*
*जीवन हो खुशियों से भरा*
*हर पल हर दिन ये देती हूँ दुआ।*
*तू सदा सदा खुश रहे मेरे लाल*

***-श्रीमति दुर्गेश नंदनी नामदेव***



*भावनानी के भाव*

## नीचे से ऊपर तक चल रहा है यह खेल

*नीचे से ऊपर तक चल रहा है यह खेल*
*रिश्वत ही बचा लेती हैं जाने से जेल*
*बाबू से मंत्री तक बना है तालमेल*
*फिर काहे को जाएंगे जेल*
*ठसके से लेते हैं रिश्वत*
*फिर काहे का रिस्क*
*ऑफिस हो या स्टेशन*
*रेट सब जगह हैं फ़िक्स*
*ऊपर से नीचे गजब की चैन के खेल*
*जाते हैं कुछ दिन जेल*
*झटके से सेटिंग कर हो जाता हैं मेल*
*उल्टा कंप्लेंट करने वाले को होती है जेल*
*नागरिकों को चकरे खिलाकर करते हैं फेल*
*फिर चलता है पैसे का खेल*
*फाइल आगे सरकती है तब*
*जब हो जाती है सेटिंग की खेल*
*ईश्वर अल्लाह देख रहा है*
*श्यानपती चतुराई होगी फेल*
*वह सब देख रहा है तेरे खेल*
*बीमारियां विपत्तियां देकर बोलेगा झेल*

***- किशन सनमुख़दास भावनानी***



## कुछ समझ नहीं आता .......

*क्या लिखूं*
*कुछ समझ नहीं आता ,*
*जिंदगी का फलसफा*
*समझ नहीं आता ।*
*इतनी रफ्तार से ये जिंदगी*
*पता नहीं कहां जा रही है*
*कुछ समझ नही आता ।*
*देखते ही देखते ये जिंदगी*
*इतना आगे बड़ गई*
*कि कुछ समझ ही नही पायी*
*ना रोक पाई*
*दौड़ती भागती इस जिंदगी को*
*और ना ही चाह कर भी*
*कम कर पाई इसकी रफ्तार को ।*
*जिंदगी चले ही जा रही है*
*शादी, पति, बेबी ससुराल*
*इन सबके बीच ।*
*रोज जिंदगी की सुबह*
*रोज शाम हो रही ,*
*कुछ समझ नही आता*
*बस बड़े जा रही जिंदगी ।*
*रोज सोचती हूं*
*आज तो जिंदगी में आगे बडूगी*
*पर वही खड़ी रह जाती हूं*
*कुछ समझ नही आता ।*
*काश में जिंदगी को*
*और जिंदगी मुझे समझ पाए*
*यहां से किधर जाया जाए*
*किस राह पर आगे बड़ा जाए*
*कुछ समझ नही आता।*
*सोचती हूं*
*क्या जिंदगी की यही कहानी है*
*या ये जिंदगी कुछ और रंग दिखाएगी*
*कुछ समझ नही आता ।*
*बस इतना है कि में तो*
*मस्ती में जिए जा रही हूं*
*इस जिंदगी और*
*जिंदगी के हर पल को ।*
*यह जिंदगी मुझे समझे*
*या में इस जिंदगी को*
*कभी समझ पाऊंगी*
*कुछ समझ नहीं आता ।*

***-अंकिता पोरवाल***

## शजर बोलता है

*बहारों में हर इक, शजर बोलता है।*
*ज़मीं, अब्र, शम्सोक़मर बोलता है।।*
*नदी, झील, झरने, रवानी पे आएं,*
*समंदर का हुश्नेलहर बोलता है।*
*बुजुर्गों की खिदमत जहां हो रही है,*
*यकीं मान लेना वो घर बोलता है।*
*क़लम की इबादत में मशगूल है जो,*
*उसी की ग़ज़ल में हुनर बोलता है।*
*भले आदमी की जुबां में निराला,*
*सदा खानदानी का असर बोलता है।*

***-डॉ. सुनील त्रिपाठी निराला भिण्ड***

# सोनी सब के 'वागले की दुनिया' में एक जानलेवा स्थिति में फंसी है राधिका



**जीएनएस।** सोनी सब का 'वागले की दुनिया- नयी पीढ़ी नये किस्से' एक स्लाीइस ऑफ फैमिली ड्रामा है, जो एक मध्येम-वर्गीय परिवार की जिंदगी पर आधारित है। इस शो की सोचने पर मजबूर कर देने वाली कहानियां और अपने से लगने वाले किरदार दर्शकों के दिलों को छू जाते हैं। अथर्व के अपहरण के बाद, ऐसा लग रहा है कि वागले परिवार की जिंदगी एक बार फिर से पटरी पर लौट रही है, लेकिन राधिका वागले (भारती आचरेकर) के साथ होने वाली यह घटना वागले परिवार को चिंता में डालने वाली है।

इस शो की आगामी कहानी में दर्शक देखेंगे कि सखी वागले (चिन्म यी साल्वी ) दुर्घटनावश स्टौीव टॉप को ऑन छोड़ देती है और राधिका को गलती से घर के अंदर लॉक कर देती है। राधिका सो रही है और किसी के पास भी घर की चाबियां नहीं है, ऐसे में वागले परिवार घर के बाहर बहुत घबराया हुआ है। क्याप गैस लीक होने से राधिका की जिंदगी खतरे में है? या वागले परिवार उसे बचा लेगा?

## क्याग सखी की गलती से किसी की जान जायेगी?

सखी वागले का किरदार अदा कर रहीं, चिन्मायी साल्वीब ने कहा, ÷सखी अपनी दादी मां से बहुत प्या र करती है और हरदम उनकी देखभाल करती रहती है। हालांकि, आम टीनेज लड़कियों की तरह वह थोड़ी लापरवाह हो जाती है, खासतौर से जब वह फोन पर बात कर रही होती है। अपनी इसी बेफिक्री और मासूमियत में वह स्टोहव का टॉप ऑन छोड़ देती है और दुर्घटनावश खुद को बाहर और अपनी दादी मां को अंदर लॉक कर देती है। इसके बाद तो हंगामा ही मच जाता है। दर्शक वागले परिवार को दादी को बचाने का रास्ताक ढूंढते हुए देखेंगे।

**देखते रहिये 'वागले की दुनिया- नयी पीढ़ी नये किस्से?', हर सोमवार से शनिवार, रात 9:00 बजे सिर्फ सोनी सब पर**

# देवास में सूनसान कुआ से गुजरात पुलिस ने लूट की 30 किलो चांदी जप्त की

**उज्जैन/बृजेश परमार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास के टोंककला में सुनसान कुआ से गुजरात पुलिस ने गुजरात में हुई लूट की 30 किलो चांदी जप्त की है। गुजरात में हुई 14 सौ किलो चांदी की लूट का यह मामला है। गुजरात पुलिस पहले चौबाराधीरा में जितेंद्र जयंतिका को हिरासत में लेकर उसके घर के पीछे से गड्डे में गढी 82 किलो चांदी जप्त करते हुए उसकी पत्नी बबीता एवं उन्हे चांदी देने वाले कुंदन उफ गोलू विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर चुकी है।

गुजरात पुलिस ने 1995 में उज्जैन जिले के उन्हेल थाना अंतर्गत झिरनिया गांव के कुए से अरब सागर से तस्करी कर लाए गए हथियारों में से 13 ए के 47 एवं 11 ए के 56 रायफल बरामद की थी। बुधवार को गुजरात पुलिस ने देवास जिला के टोंककला में कुए से 30 किलो चांदी बरामद की है। एसडीओपी सोनकच्छ अनुभाग पीएन गोयल बताते हैं कि काफी दिनों से गुजरात पुलिस यहां डेरा डाले हुए थी।जिला पुलिस के संपर्क में रहते हुए उन्होंने कार्रवाई की जिसमें हमने उन्हे पुरा सहयोग किया।टोंककला में सुनसान कुए से चांदी जप्त की गई है।यह चांदी गुजरात में हुई लूट के मामले की वहां की पुलिस बता रही है।तीन आरोपियों को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। बाकी डिटेल में कुछ देर में उपलब्ध करवाता हुं अभी कहीं बैठा हुं।



देवास के टोंकखुर्द थाना प्रभारी उमराव सिंह बताते हैं कि गुजरात के सुरेंद्र नगर अंतर्गत सायला थाना क्षेत्र में राजकोट से अहमदाबाद वेन में ले जाई जा रही 3.88 करोड़ की 14 सौ किलो चांदी की लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। व्यापारी को टामी मारकर ऐसा किया गया था। 19 फरवरी को गुजरात की क्राईम ब्रांच देवास पहुंची थी। उसके बाद उन्होंने जानकारी जुटाते हुए जिले के पीपलरावां थानाअंतर्गत चौबाराधीरा से आरोपी के घर पर दबिश देते हुए घर की तलाशी ली थी। मेटल डिटेक्टर से तलाशी में घर के पीछे जमीन में गढी 82 किलो चांदी जप्त की थी। यहां से तीन आरोपियों को गुजरात पुलिस साथ ले गई थी। बुधवार को एक बार फिर से पकडे गए आरोपियों की निशानदेही पर गुजरात पुलिस ने टोंककला में कुए में जांच की जिसमें 30-40 किलो चांदी जप्त की गई है। गुजरात पुलिस ने लूट एवं डकैती के इस प्रकरण में चिडावद के कंजर राममूर्ति,कमल पटेल,सुनील,सुरेश गंजा,हेमराज,सतीश को आरोपी बनाया गया है। पुलिस की दबिश में ये सभी आरोपी फरार मिले हैं। इनके घरों पर भी ताला लगा हुआ था। कुए से गुजरात पुलिस ने चांदी जप्ती के समय गौतमसिंह को बुलाकरउनके बयान दर्ज किए हैं। भाजपा नेता गौतमसिंह ने मिडिया को दिए बयान में कहा है कि कुआ सुनसान क्षेत्र में हैं। उनका कुआ से कोई लेनादेना नहीं है। जनप्रतिनिधि होने के नाते वे समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करते हैं।यही उन्होंने किया है।इस कुआ से पूर्व में भी पुलिस ने कुछ बाईक जप्त की थी।उन्होंने पूर्व में भी पुलिस को सूचना दी थी कि अपराधी इस कुए का दुरूपयोग कर रहे हैं।ऐसे अपराधियों पर वे कार्रवाई की मांग कर चुके हैं और उनके मकान तोडने की भी उन्होंने मांग की थी। उन्होंने इसे राजनीतिक द्वेषता से जोडकर भी बताया है।गौतमसिंह ने गुरूवार को एक ज्ञापन एसपी देवास को दिया है। ज्ञापन की प्रति उन्होंने गुजरात एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं डीजीपी एवं अन्य अधिकारियों को भेजी है।

## आईजी और एसपी दोनों अधिकारियों को ढोलक ताशा बजाता देख पुलिसकर्मी झूम उठे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कानून व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश जारी करने वाले आईजी ने गुरुवार को ढोलक बजाई तो एसपी ताशा लेकर पहुंच गए। दोनों अधिकारियों को ढोलक ताशा बजाता देख पुलिसकर्मी झूम उठे। मौका था पुलिस की होली का। इस दौरान थानों पर भी जवानों ने जमकर धमाल मचाया।

शहरवासियों की होली में खलल ना पड़े इसको लेकर 48 घंटे तक सड़कों पर रहने वाली पुलिस रंगों का उत्साह नहीं बना पाई थी। दूसरे दिन डीआरपी लाइन स्थित पुलिस सामुदायिक भवन में पुलिस की होली का आयोजन किया गया। 11 बजे से सामुदायिक भवन में रंगत जमने लगी थी जैसे ही आई जी संतोष कुमार सिंह, डीआईजी अनिल कुशवाह, एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ला, एएसपी अभिषेक आनंद, आकाश भूरिया पहुंचे होली का धमाल शुरू हो गया। पुलिसकर्मी जमकर रंग गुलाल उड़ाने लगे उसी दौरान आईजी ने ढोलक और एसपी ने ताशा थाम लिया और बजाना शुरू कर दिया। अधिकारियों को मस्ती में देख पुलिसकर्मी भी झूम उठे। डीआईजी भी ढोल लेकर बीच में पहुंच गए। पुलिस की होली का रंग जम चुका था उसी दौरान कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार सामुदायिक भवन पहुंच गए। रंगों की महफिल जम चुकी थी कलेक्टर-आईजी ने हाथों में माइक थाम लिया और गीतों की गूंज सुनाई देने लगी। कलेक्टर आईजी ने कांटा लगे ना कंकर प्याला तेरे नाम का पिया गाने से समा बांध दिया, एसपी दोनों अधिकारियों का साथ देने पहुंच गए। 2 घंटे तक पुलिस सामुदायिक भवन में रंग गुलाल उड़ता रहा और डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी थिरकते रहे। होली के आयोजन में अधिकारी और पुलिसकर्मी सब एक रंग में रंगे नजर आ रहे थे ना कोई छोटा था ना कोई बड़ा। आईजी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि लगातार ड्यूटी कर शहर में शांति के साथ होली का पर्व संपन्न कराने वाली पुलिस भी होली का पर्व मना रही है एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ल का कहना था कि पुलिस विभाग में होली के दूसरे दिन रंग खेलने की परंपरा है। हर वर्ष पुलिस भी होली रंग पंचमी का पर्व दूसरे दिन साथ मिलकर बनाती है।

कानून व्यवस्था और सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली पुलिस दूसरे दिन भी ड्यूटी पर थे जहां कुछ समय के लिए थाने के वरिष्ठ अधिकारी होली खेलने के लिए सामुदायिक भवन पहुंचे थे वही स्थानों पर तैनात जवानों ने जमकर हुड़दंग मचाया। थानों के बाहर डीजे की गूंज और पानी की बौछार के साथ रंगों से होली खेली गई।

विक्रमोत्सनव 2023

## 14 मार्च को विक्रम नाट्य समारोह का शुभारंभ

### चाणक्यो के रूप में दिखायी देंगे अभिनेता मनोज जोशी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत उत्क0र्ष, नवजागरण और वृहत्तोर भारत की सांस्कृीतिक चेतना पर एकाग्र विक्रमोत्सिव 2023 (विक्रम सम्वद्यत् 2079) अंतर्गत विक्रम नाट्य समारोह का शुभारंभ 14 मार्च 2023 को शाम 07ः00 बजे कालिदास अकादमी परिसर में होगा। 14 से 21 मार्च तक चलने वाले इस समारोह के पहले दिन चाणक्ये की प्रस्तु ति होगी। फिल्म2 अभिनेता व डायरेक्टकर मनोज जोशी निर्देशित इस नाटक में वे खुद मंच पर दिखाई देंगे।

महाराजा विक्रमादित्ये शोधपीठ द्वारा आयोजित 8 दिवसीय समारोह के दूसरे दिन बैंगलुरू के सलाउद्दीन पाशा निर्देशित नाटक रामायण एवं श्रीमदभगवतगीता आन व्हीयल्सद का मंचन होगा। 16 मार्च को भोपाल का नाट्य समुह एक रंग द्वारा स्कांदगुप्तह की प्रस्तुनति होगी। इस नाटक का निर्देशन जयंत देशमुख ने किया है। 17 मार्च को संजय मेहता निर्देशित आदिशंकराचार्य की प्रस्तुदति होगी। 18 मार्च को उज्जैकन के डॉ. प्रभात कुमार भट्टाचार्य निर्देशित नाटक कर्णभार दर्शकों को देखने मिलेगा।

19 मार्च को आदिविक्रमादित्यप की प्रस्तुश्रति होगी। जिसे मध्यशप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा तैयार किया गया है। 20 मार्च को दो नाटकों का मंचन होगा पहला सतीश दवे निर्देशित सरमापणि, दूसरा संजीव मालवीय निर्देशित राजा भोज। जबकि विक्रम नाट्य समारोह के अंतिम दिन जयंत देशमुख निर्देशित गोविंदा की प्रस्तुयति होगी। इस प्रस्तुपति में टीवी के जाने माने अभिनेता गोदान कुमार मंच पर होंगे।

सफलता की कहानी-14

## स्वनिधि योजना से व्यवसाय में हुए नुकसान की पूर्ति हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के देसाई नगर निवासी हितेश जाकुनिया ठेले पर सब्जी बेचने का व्यवसाय करते हैं। दो वर्ष पहले कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन के चलते उन्हें काफी नुकसान हुआ था। इसके पश्चात जब परिस्थितियां सामान्य हुई तो उन्हें पुन~ व्यवसाय प्रारम्भ करने में बहुत परेशानी हो रही थी, क्योंकि नुकसान की भरपाई करना उनके लिये संभव नहीं था। फिर हितेश को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने नगर पालिक निगम के माध्यम से योजना के तहत आवेदन दिया और उन्हें 10 हजार रुपये के ऋण की प्राप्ति हुई। उन्होंने छोटे स्तर पर अपना व्यवसाय पुन~ प्रारम्भ किया। धीरे-धीरे व्यवसाय सामान्य रूप से चलने लगा और नुकसान की भरपाई भी हो गई। इसके पश्चात उन्होंने समय पर 10 हजार रुपये की राशि चुकाई, जिससे उन्हें 20 हजार रुपये और इसके पश्चात 50 हजार रुपये का लोन उन्हें मिलने वाला है।

## संस्कृतकविसमवाय का आयोजन संस्कृत गीतों की प्रस्तुति भी होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कृत रचनाधर्मिता के संवर्धन के उद्देश्य से अकादमी द्वारा शुक्रवार 10 मार्च को अभिरंग नाट्यगृह, कालिदास संस्कृत अकादमी में प्रातः 11 बजे होली के पावन पर्व पर संस्कृतकविसमवाय का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आमंत्रित विद्वान् पारम्परिक एवं सामयिक विषयों पर केन्द्रित मौलिक, अपठित, अप्रकाशित काव्यपाठ तथा काव्यविमर्श करेंगे।

यह जानकारी कालिदास संस्कृत अकादमी के प्रभारी निदेशक डॉ.सन्तोष पण्ड्या ने दी। डॉ.पण्ड्या ने बताया कि सम्पूर्ण देश से संस्कृत साहित्य के विद्वान् एवं कविगण इस काव्यपाठ में सहभागिता हेतु पधार रहे हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत के वरेण्य कवि आचार्य विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्र वाराणसी करेंगे।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ.सन्दीप नागर ने बताया कि इस कविसमवाय में डॉ.भगवतीलाल राजपुरोहित उज्जैन, डॉ.निलिम्प त्रिपाठी, डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय भोपाल, डॉ.बालकृष्ण शर्मा ग्वालियर, डॉ.रामलखन पाण्डेय लखनऊ, डॉ.वेदव्रत हरिद्वार, डॉ.ओमप्रकाश दुबे सीहोर, डॉ.धर्मेन्द्र सिंहदेव पुरी, डॉ.तुलसीदास परौहा उज्जैन डॉ.शिवानन्द मिश्र, श्री मुकेशचन्द्र भल्ला उज्जैन, डॉ.सुभाष मालवीय देवास, श्री दिनेश मालवीय उज्जैन, डॉ.शैलेन्द्र वर्मा उज्जैन, सुश्री पूजा उज्जैन, श्री प्रणव कश्यप आदि कविगण आमंत्रित हैं। इसके पश्चात् श्री महेश निर्मल एवं समूह उज्जैन द्वारा संस्कृत गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। संस्कृतकविसमवाय में काव्यमाधुरी के रसपान के लिए नगर के समस्त संस्कृतविद्, साहित्यकार, संस्कृतानुरागी, कलारसिक एवं गणमान्य नागरिक सादर आमन्त्रित हैं।

## महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है स्वास्थ, शिक्षा एवं स्किल -डॉ.शर्मा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि विज्ञान केंद्र (रा.वि.सि.कृ.वि.वि.) उज्जैन द्वारा अंतराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ.आर.पी.शर्मा ने संबोधित कर महिला सशक्तिकरण हेतु खेती में श्रमभार को कम करने हेतु महिलाओं के हित में बनाये गए कृषि यंत्रो एवं उपकरणों की जानकारी विस्तृत रूप से दी। महिलाओं के श्रम को कम करने के प्रयोगों के बारे में बताया। साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए मोटे अनाज के बारे में भी विस्तृत से चर्चा की गई।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.रेखा तिवारी ने महिलाओं को समूह के माद्यम से सशक्त करने हेतु विभिन्न लघु उद्योग के बारे में बताया। साथ ही उच्च शिक्षा हेतु लड़कियों को प्रेरित किया एवं जेंडर इक्कलिटी के बारे में भी बताया। डॉ.तिवारी ने ग्रामीण स्तर पर वोकल टू लोकल वाले वैकल्पिक रोजगारों के बारे में भी बताया। फादर सुनील ने कृपा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किये गए कार्यों के बारे में बताया, जिसमें महिला समूहों की सक्रिय भूमिका के बारे में बताया।



इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं श्रीमती आशा जाट कायथा, सिस्टर तानिया कायथा, डॉ.आनसी कमेड, कु.चंदा डाबी नानुखेडा, श्रीमती रुखमा प्रजापत नानुखेडा एवं कु.भावना मालवीय नानुखेडा को शाल, श्रीफल तथा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 43 प्रगतिशील किसान महिलाएं एवं किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी एवं गैर-सरकारी संस्था कृपा वेलफेयर सोसाइटी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आशा जाट ने किया।

## महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ ने जारी की सीनियर और जूनियर फैलोशिप आवेदन करने की अंतिम ? तिथि 30 अप्रैल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के लिये महाराजा विक्रमादित्य सीनियर और जूनियर फैलोशिप के आवेदन-पत्र जारी कर दिये गये है। फैलोशिप के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि 5 सीनियर और 6 जूनियर फैलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। यह फैलोशिप एक वर्ष की अवधि में पूरी करनी होगी। सीनियर फैलोशिप के लिए 4 लाख 80 हजार रूपये और जूनियर फैलोशिप हासिल करने वाले अध्येता को 4 लाख 32 हजार रुपये राशि प्रदान की जायेगी। इस राशि में अध्येता का पारिश्रमिक, शोध कार्य के लिए की जाने वाली यात्राएँ, कम्पोजिंग कार्य, स्टेशनरी एवं समस्त व्यय समाहित होंगे।

सीनियर फैलोशिप के आवेदक उल्लेखित विषयों का चुनाव कर सकते है, जिसमें विक्रमादित्य और पुरातत्व, विक्रमादित्यकालीन अभिलेखों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, प्राचीन भारत में लोक प्रशासन, विक्रमादित्य की शासन पद्धति के विभिन्न आयाम, जैनेतर संस्कृत वांग्मय में विक्रमादित्य, वृहत्तर भारत में विक्रमादित्य के साहित्यिक साक्ष्य, प्राचीन भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और उनका आधुनिक विज्ञान में योगदान, वैदिक और अगम स्रोतों की समीक्षा, पुरातत्व और कला संस्कृति में शिवत्व तथा शिवतत्व, सूर्य सिद्धांत रहस्य और वैदिक समाज में ऊर्जा व्यवस्था और उससे प्रयोग, स्वास्थ्य एवं समृद्धि में ज्योतिष विज्ञान के उपयोग, पारंपरिक ज्ञान और मानव विज्ञान, भारतीय ज्ञान परंपरा का वैश्विक योगदान जैसे विषय शामिल है।

जूनियर फैलोशिप के विषयों में अवंति जनपद में संवत् प्रवर्तक विक्रमादित्य की जनस्तुतियों, विक्रमादित्य युगीन आर्थिक स्थिति, प्राचीन भारत में मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में युगयुगीन चरित्र, प्राचीन भारत में यंत्र विज्ञान, जैन परंपरा में विक्रमादित्य, प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला और प्राचीन भारतीय मंदिर स्थापत्य शामिल है।

आवेदक अपना आवेदन 30 अप्रैल तक निदेशक, महाराजा विक्रमादित्यक शोधपीठ,1 उदयन मार्ग, उज्जैन अथवा सचिव, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल को किया जा सकता है। फैलोशिप से जुड़े नियम, शर्त एवं अधिक जानकारी वेब साइट www.mvspujjain.com पर उपलब्ध है।

## स्वनिधि योजना से बन्द पड़ा व्यवसाय पुनः प्रारम्भ करने में सहायता मिली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन के मक्सी रोड निवासी गौतम श्रीवास का हेयर कटिंग सलून है। इससे वे अपने परिवार का जीवन निर्वाह करते थे। कोरोना संक्रमण के कारण काफी समय तक दुकान बन्द रखने की वजह से गौतम को बहुत नुकसान हो गया था। परिस्थितियां सामान्य होने के पश्चात वे अपना व्यवसाय पुन~ प्रारम्भ करने में असमर्थ थे। स्वनिधि योजना के माध्यम से उन्हें दोबारा व्यवसाय प्रारम्भ करने में सहायता मिली। साथ ही सलून सम्बन्धी अन्य उपयोगी सामग्री भी वे खरीद सके। पहले उन्हें

## सार समाचार

### युवक ने कमरे में जाने के बाद फांसी लगा ली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** घर पहुंचे युवक ने कमरे में जाने के बाद फांसी लगा ली। सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। सुदर्शन नगर में रहने वाले दिव्यांश पिता सुधीर चावड़ा (25) का शव सुबह मां ने उसे वक्त फंदे पर लटका देखा, जब वह बेटे को जगाने पहुंची थी। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो सामने आया कि रात में दिव्यांश ने फांसी लगा ली है। मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि दिव्यांश के पिता का निधन हो चुका है। वह दवा बाजार में काम करता था। उसने फांसी क्यो लगाई, इसका कारण नहीं पता है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जांच में लिया है। परिजनों के बयान दर्ज होने पर ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### तेज रफ्तार से दौडती पिकअप ने बाइक सवार को कुचल दिया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तेज रफ्तार से दौडती पिकअप ने बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पंवासा थाना पुलिस ने मृतक का गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा।श्री सिंथेटिक्स मार्ग सांची दूध संघ के पास होली की शाम बाइक सवार को अज्ञात पिकअप ने कुचल दिया था। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। उसकी पहचान करने पर सामने आया कि मृतक कमल पिता आत्मराम (35) जीवनपुरखेड़ा का रहने वाला है। परिजनों को घटना की सूचना दी गई। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि कमल रंगाई-पुताई का काम करता था और शाम को ही ठेकेदार से पैसे लेकर आने का बोलकर निकला था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पिकअप चालक की तलाश शुरु की है।

### श्रद्धालु परिवार के साथ होटल के नाम से हजारों की धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रद्धालु परिवार के साथ होटल के नाम से हजारों की धोखाधड़ी होना सामने आया है। श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे तो होटल संचालक ने कमरे देने से इंकार कर दिया। श्रद्धालु परिवार ने मामले की शिकायत महाकाल थाने पर की है। पूणे में रहने वाले प्रमोद पिता रमेश लड्ढा परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने आने वाले थे, उससे पहले उन्होने ऑनलाइन मानसरोवर होटल की वेबसाइड सर्च कर होटल की जानकारी ली और दो रुम बुक किये। वेबसाइड पर ही उन्हे ऑनलाइन पैसे जमा करने के लिये कहा गया। उन्होने 23 हजार रुपये जाम भी कर दिये। गुरुवार सुबह परिवार उज्जैन आया और मानसरोवर होटल पहुंचा। जहां उन्होने बुक किये रुम मांगे तो होटल संचालक ने बुकिंग से इंकार कर दिया और बताया कि उनकी कोई वेबसाइड नहीं है। वह ऑनलाइन बुकिंग नहीं करते है। लड्ढा परिवार ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत महाकाल थाने पहुंचकर की। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया है।

### बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों के पास मादक पदार्थ होने पर पुलिस ने पकड़ा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती शाम बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों के पास मादक पदार्थ होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो 12 ग्राम स्मैक बरामद हो गई। दोनों युवकों से पूछताछ कर मादक पदार्थ के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।तराना थाना पुलिस ने बताया कि होली की शाम दो युवकों की जानकारी मिली थी कि उनके पास मादक पदार्थ है दोनों बिना नंबर की बाइक से आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस ने नवीन बालक छात्रावास के समीप घेराबंदी की बिना नंबर की बाइक से आ रहे दोनों युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से मादक पदार्थ की पुडिय़ा बरामद हुई जिसे खोलने पर उसमें 12 ग्राम के लगभग स्मैक रखी होना सामने आई। दोनों युवकों को हिरासत में लेकर मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। एक का नाम विशाल पिता बलवंत चौहान 38 वर्ष तोतला मार्ग तराना और दूसरे का धर्मेन्द्र पिता दिलीप गेहलोत निवासी निगम कालोनी तराना होना सामने आया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत 1 लाख 20 हजार होना पाई गई है। दोनों से जब्त बाइक 30 हजार रुपये कीमत की है। विशाल के खिलाफ पूर्व में भी 8 प्रकरण दर्ज होना सामने आए है।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर 15 मार्च को कार्यक्रम आयोजित होगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर 16 मार्च को दोपहर 2.30 बजे विपणन सहकारी संस्था मर्यादित खाद गोदाम चिमनगंज मंडी परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां की जायेंगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये आयोजन स्थल पर सम्बन्धित विभागों की प्रदर्शनी, प्रदर्शन, प्रश्नोत्तर आदि के माध्यम से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों, विभाग से सम्बन्धित उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया जायेगा। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण द्वारा नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 एवं उपभोक्ता द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु ई-दाखिल पोर्टल की कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी प्रदान की जायेगी। सक्रिय स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये जिला स्तर पर विद्युत, दूरसंचार, रेलवे, खाद्य एवं औषधी, नापतौल, भारतीय मानक ब्यूरो, आईल कंपनी, बैंक, बीमा कंपनी आदि का आयोजन में शामिल किया जायेगा। इस दौरान शिकायत होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। कठपुतली, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रदर्शनी, लघु फिल्म, वीडियो स्पॉट आदि के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में बढोत्तरी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र उज्जैन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 9 मार्च से बढ़ाकर 24 मार्च कर दी गई है। नेहरू युवा केन्द्र में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पद पर आवेदन हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वी पास होना चाहिए। साथ ही आवेदक एक अप्रैल 2023 को 18 से 29 वर्ष के बीच का होना चाहिए। नियमित छात्र राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के लिए आवेदन हेतु पात्र नहीं हैं। अधिकतम दो वर्षो के लिए कुल मिलाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक को विधिक रूप से किसी प्रकार का दावा करने का अधिकार होगा। आवेदन करने हेतु नेहरू युवा केन्द्र संगठन की वेबसाइट nyks.nic.in ÂÚU National Youth Corps(NYV) विकल्प चयन कर Apply for NYV सेलेक्शन पर क्लिक करके आवेदन करें। संपर्क हेतु मोबाईल नंबर 9783793840 है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )